


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 13 सितम्बर - 19 सितम्बर, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

भाद्रपद, पक्ष - कृष्ण, तिथि - चतुर्दशी, संवत 2080 पृष्ठ : 8+2 बुधवार वर्ष-9, अंक-29, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## धर्म-संस्कृति के विरुद्ध ये चुनावी चौसर है या कुछ और लक्ष्य!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**भारतीय** समाज संस्कृति और उत्तम संस्कारों का वाहक है जो पूर्व में भी दुनिया को जीने का मार्ग दिखाता रहा है और वर्तमान में भी ऐसा ही कुछ दिखाई देने लगा है। मगर समय की राह में यदा-कदा कुछ ऐसा वातावरण बनता है, जिससे प्राप्त कुछ नहीं होता, बल्कि एक-दूसरे में वैमनस्य भाव बनने लगता है। सनातन संस्कृति जीवन जीने की एक ऐसी पद्धति है जिसका कोई विकल्प नहीं है। क्योंकि शांति और उत्तरोत्तर प्रगति पूर्वक जीने का नाम ही सनातन है। जिसका ना कोई आदी है और ना कोई अंत है। सतत प्रवाहित धारा का नाम ही सनातन है। हम मध्यकालीन युग में झांक कर देखेंगे तो पाएंगे कि सनातन संस्कृति पर हमले-दर-हमले होते रहे, मगर सनातन है कि जस का तस अनवरत चल रहा है। पिछले कुछ समय से कुछ राजनीतिक दल या उनके प्रतिनिधि सनातन पर बार-बार चोट कर रहे हैं। एक के बाद एक लाइन सी लगी हुई है। ये समझ से परे है कि केवल और केवल सनातन पर ही क्यों चोट होती है। बाकी अन्य पंथ या धर्म पर कोई बात क्यों नहीं होती? कहते हैं कि जंगल में जो पेड़ सीधा होता है उसे पहले काटा जाता है। टेढ़ा-मेढ़ा पेड़ कोई काम का नहीं होता इसलिए उसे तो कोई देखना भी पसंद नहीं करता। यही हाल सनातन धर्म और संस्कृति का हो रहा है। कोई इसे मिटाने की बात करता है तो कोई रामचरित मानस को जलाने लगता है। मगर सनातन को मिटाने वाले यह भूल जाते हैं कि सद्ग्रंथ श्रीरामचरित मानस के लंका कांड में एक प्रकरण आता है जिसमें देवताओं, गंधर्वों, नवग्रहों यहां तक कि यमराज को भी रावण बंदी बना लेता है और मद में चूर अपनी पत्नी की सही सलाह को भी नहीं मानता है। वह भगवान विष्णु के अवतार श्रीराम से युद्ध की ठान लेता है और अंत में परिवार सहित मारा जाता है। जब रावण युद्ध भूमि में मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। तब रावण की पत्नी मंदोदरी युद्ध भूमि में पहुंचती है और अपने पति के शव को देखकर कहती है-

*राम विमुख अस हाल तुम्हारा।*
*रहा ना कोऊ कुल रोवनिहारा।।*

इसलिए आप देख सकते हैं कि रामद्रोही कभी भी सुख चैन से नहीं रह सकता। अंत में निश्चय ही उसका नाश हो जाता है। कर्म के अनुसार फल सभी को भुगतना पड़ता है। इसके लिए कर्मफल दाता ने एक रास्ता निकाल रखा है-

*जासु विधि दारुण दुःख देही।*
*तासु मति पहले हर लेही।।*

लगता है कुछ लोगों की बुद्धि का हरण हो गया है जिससे वे सनातन और रामचरित मानस के बारे में अनर्गल बातें करने लगे हैं। फिर भी, कहा नहीं जा सकता कि ये चुनावी चौसर है या कुछ और!

Shivdayalmishra@gmail.com

## संचालक बोले- वैट कम करें सरकार, 15 सितंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

# आज से प्रदेशभर के पेट्रोल पंप बंद!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में पेट्रोल और डीजल पर बढ़े हुए वैट के खिलाफ अब पेट्रोल पंप संचालकों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेशभर में आज और कल (13 और 14 सितंबर) को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक 7 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप बंद रहेंगे। इसके बाद भी अगर सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम नहीं किया तो पेट्रोल पंप संचालक 15 सितंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह भाटी ने कहा- राजस्थान सरकार देश में सबसे ज्यादा वेट वसूल रही है। इसका नुकसान पेट्रोल पंप संचालकों के साथ आम जनता को भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा- पिछले लंबे वक्त से हम शांतिप्रिय तरीके से वेट कम करने की मांग कर रहे हैं। 13 सितंबर से पंप बंद करने की जानकारी भी हमने शासन और प्रशासन तक काफी पहले ही पहुंचा दी थी, लेकिन इसके बाद भी सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। मजबूरन अब हमें आंदोलन की राह पर आगे बढ़ना पड़ा है। इसकी शुरुआत 13 सितंबर से कर दी जाएगी। उन्होंने बताया- शुरुआती चरण में हम 2 दिन 13 और 14 सितंबर को सांकेतिक तौर पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक पेट्रोल पंप बंद रखेंगे। इस दौरान न तो पेट्रोल बेचा जाएगा, न ही पेट्रोल और डीजल खरीदा जाएगा। अगर इसके बाद भी सरकार ने हमारी मांगों को पूरा नहीं किया तो 15 सितंबर से प्रदेशभर के पेट्रोल पंप अनिश्चित कालीन वक्त तक बंद कर दिए जाएंगे। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनीत बगई ने कहा- राजस्थान में पेट्रोल और डीजल की कीमतें देश के दूसरे राज्यों के मुकाबले 13 और 10 रुपए तक महंगी है। इसके बावजूद सरकार आम जनता से मनमाना वैट वसूल रही है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम जनता को उठाना पड़ रहा है। इस कारण पिछले 3 साल में राजस्थान में करीब 270 पेट्रोल पंप बंद हो चुके हैं, जबकि कई पेट्रोल पंप आर्थिक घाटे की वजह से बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग दूसरे राज्यों में जाकर सस्ता पेट्रोल भरवा रहे हैं, जिससे सरकार को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।




### प्रमुख राज्यों में वैट की दर (%में)

| राज्य | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| राजस्थान | 31.04% | 19.30% |
| हरियाणा | 18.20% | 16.00% |
| पंजाब | 13.77% | 09.92% |
| दिल्ली | 19.40% | 16.75% |
| गुजरात | 13.70% | 14.90% |

### राजस्थान में सबसे महंगा पेट्रोल-डीजल

भारत में सबसे महंगा फ्यूल राजस्थान के श्रीगंगानगर में बिक रहा है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 113.30 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 98.07 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गई है। वहीं महाराष्ट्र के परभणी में पेट्रोल 109.26 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.66 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं पोर्ट ब्लेयर में सबसे सस्ता पेट्रोल-डीजल बिक रहा है। यहां पेट्रोल की कीमत 84.10 रुपए प्रति लीटर और डीजल का भाव 79.74 रुपए प्रति लीटर है।







पितृ दोष दूर करिए

पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

## 16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध







श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।

**पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है**

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-

-: सौजन्य से :-

नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट

मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962

## जागरूक खबरें

### ■ स्वाति व विशाखा नक्षत्र में आएंगे विघ्नहर्ता, होगी धनवर्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रिद्धि-सिद्धि के दाता एवं विघ्नहर्ता भगवान गणेश का जन्मोत्सव अंचल में 19 सितम्बर को श्रद्धा से मनाया जाएगा। इस दिन वैधृति योग, रवि योग व कुमार योग रहेगा। इसके अलावा स्वाति नक्षत्र और विशाखा नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि हर साल भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन गणेश चतुर्थी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है।

### ■ गोविंददेवजी मंदिर में मनाया जाएगा ऋषि पंचमी महोत्सव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री वेदामृतम संस्थानम फाउंडेशन जयपुर की ओर से 20 और 21 सितंबर को ऋषि पंचमी महोत्सव और विद्वत सम्मान समारोह किया जाएगा। यह कार्यक्रम गोविंद देवजी मंदिर परिसर स्थित सत्संग भवन में होगा। आयोजन सचिव पं.दिलीप के. अवस्थी ने बताया- सम्मान समारोह में श्री शंकराचार्य आश्रम मेरठ के प्रभारी राधिकानंद महाराज शामिल होंगे। महोत्सव में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी होगा।

### ■ प्रशांत प्रदेश अध्यक्ष युवा शक्ति नियुक्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।**



भगवा हिन्द फौज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार प्रमुख अध्यक्ष हरिओम शर्मा की अनुशंषा पर प्रशांत वशिष्ठ को प्रदेश अध्यक्ष युवा शक्ति नियुक्त किया गया है।

### ■ समाज बचाओ परिवार बचाओ दहेज हटाओ अभियान की शुरुआत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान अध्यक्ष विजय हरितवाल ने बताया कि समाज में दहेज हटाओ अभियान की शुरुआत की जा रही है जिसमें समाज के परिवारों को दहेज व परिवारों में आपसी मनमुटाव की वजह से जो परिवार टूट रहे हैं एक व्यापक समस्या बनती जा रही है, के निराकरण के लिए राष्ट्रव्यापी दहेज हटाओ समाज व परिवार बचाओ अभियान की शुरुआत की जा रही है जिसका संयोजक युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट को बनाया जा रहा है।

**राजस्थान का पहला रोप-वे, जिसके डोर ऑटो लॉक होंगे : 85 मीटर की ऊंचाई से दिखेगा जयपुर का नजारा, बिजली जाने के बाद भी नहीं रुकेगी ट्रॉली**

# खोले के हनुमानजी मंदिर परिसर में जल्द मिलेगी रोप-वे सुविधा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमानजी मंदिर परिसर में जल्दी ही रोप-वे पर ट्रॉलियां चलती दिखेंगी। अन्नपूर्णा माता मंदिर से वैष्णो माता मंदिर तक 436 मीटर लंबाई में रोप-वे बनकर तैयार हो गया है। इस प्रोजेक्ट को जल्द श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए शुरू किया जाएगा, जिसके बाद ऊंचाई पर स्थित मंदिर तक जाने में श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह राजस्थान का पहला ऐसा रोप-वे होगा, जिसकी केबिन के डोर ऑटोमैटिक होंगे। श्रद्धालुओं के बैठते ही ट्रॉली के दरवाजे अपने आप लॉक हो जाएंगे।



### अभी चढ़नी पड़ती हैं 121 सीढ़ियां

वर्तमान में खोले के हनुमानजी मंदिर से वैष्णो देवी मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालुओं को 121 खड़ी सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। खोले के हनुमानजी मंदिर के पीछे से सीढ़ियों वाला यह रास्ता है। बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगों को वैष्णो देवी मंदिर तक जाने में परेशानी होती है। रोप-वे के शुरू होते ही इन लोगों की परेशानियां खत्म हो जाएंगी और वह आसानी से 4.30 मिनट में खोले के हनुमानजी मंदिर से वैष्णो देवी माता मंदिर तक जा सकेंगे।

### सीएम गहलोत करेंगे उद्घाटन

जयपुर के खोले के हनुमान जी मंदिर में शहर का पहला ऑटोमैटिक रोप-वे बनकर तैयार हो चुका है। इसी महीने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उद्घाटन करेंगे। रोप-वे निर्माण और मेंटेनेंस करने वाली कंपनी ROK इनोवेशन के डायरेक्टर कैलाश खंडेलवाल ने बताया- इसके उद्घाटन को लेकर मंदिर संचालन समिति श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बीएम शर्मा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्घाटन का समय मांगा है। सीएम के व्यस्त कार्यक्रम होने के कारण समय नहीं मिल रहा है। हमारी ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार को पुष्य नक्षत्र में रोप-वे का पूजा-अर्चना कर मुहूर्त किया गया।

### हर घंटे में 700 से 800 लोग इसमें सफर कर सकेंगे

इस रोप-वे में 12 केबिन उपलब्ध करवाई गई है। इसमें हर घंटे में 700 से 800 लोग सफर कर सकेंगे। इसके एक केबिन में 6 लोग एक साथ बैठकर मंदिर तक पहुंच सकेंगे। श्रद्धालुओं और टूरिस्टों को जयपुर का विहंगम दृश्य दिखाने के लिए राइड को बीच में रोका जाएगा। खोले के हनुमानजी मंदिर परिसर स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर से पहाड़ी पर स्थित वैष्णो माता मंदिर तक 436 मीटर लंबाई में बने इस रोप-वे का काम करीब 2 साल पहले शुरू हुआ था। इस प्रोजेक्ट की लागत करीब 18 करोड़ रुपए है। यह प्रदेश का 5वां और जयपुर जिले में सामोद हनुमानजी रोप-वे के बाद दूसरा रोप-वे है। पांच टावरों पर संचालित किए जाने वाले इस रोप-वे की ऊंचाई 85 मीटर है।

### खोले के हनुमान जी रोप वे नाम

इसके नाम को लेकर पहले संशय बना हुआ था। दो साल पहले जिला प्रशासन ने इसका नाम अन्नपूर्णा माता रोप-वे करने की बात कही थी, लेकिन अब इसका नाम खोले के हनुमान जी रोप वे रखा गया है।

### 15 सितंबर से होगा ह्यूमन ट्रायल

करीब एक महीने पहले रोप-वे की ट्रॉलियों में 480 किलोग्राम वजन रखकर 5 घंटे प्रतिदिन ट्रायल किया गया। अब 15 सितंबर से ह्यूमन ट्रायल होगा। ह्यूमन ट्रायल सफल होने के बाद आम जन के लिए इसे शुरू कर दिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने रोप-वे की सुरक्षा और क्षमता की जांच की है। वे सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी करेंगे।

### दिव्यांगजनों और बुजुर्गों का टिकट 75 रुपए

रोप-वे मेंटेनेंस फर्म के मैनेजर मनोज दीक्षित ने बताया- जयपुर कलेक्टर ने 70 साल से अधिक उम्र के लोग और दिव्यांगजनों के लिए इसे फ्री करने की बात का सुझाव दिया था, लेकिन आयोजित मीटिंग में इस बात पर सहमति बनी कि इस कैटेगरी में प्रति व्यक्ति टिकट ₹75 किया जाए।

| टिकट (दो तरफा) | टिकट (एक तरफा |
|---|---|
| वयस्क 150 रुपए | वयस्क 75 रुपए |
| बच्चा 75 रुपए | बच्चा 38 रुपए |
| (110 से.मी. से कम हो) | (110 से.मी. से कम हो) |

*इस पर जीएसटी 5% अलग से लगेगा।*

**सिविल सेवा अपील ट्रिब्यूनल राजस्थान**

## लोक अदालत में रिकॉर्ड प्रकरणों का निस्तारण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सिविल सेवा अपील ट्रिब्यूनल के जयपुर स्थित कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकरण के अध्यक्ष अश्विनी भगत के निर्देशानुसार आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के सेवा संबंधी प्रकरणों को रखा गया, एवं सुनवाई की गई। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण के रजिस्ट्रार पंकज ओझा ने बताया कि, राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न विभागों के विभिन्न सेवा संबंधी प्रकरणों को रखा गया, और आपसी सहमति के बाद 546 वादों का निस्तारण किया गया। यह राजस्थान की विभिन्न न्यायिक अदालतों के अलावा किसी विभाग या ट्रिब्यूनल के द्वारा आयोजित लोक अदालत में निस्तारित किए गए प्रकरणों की सर्वाधिक संख्या है जो की एक रिकॉर्ड है।

### परिवहन विभाग का संवाद कार्यक्रम आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रगतिशील संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग से सम्बंधित विज़न दस्तावेज तैयार करने के लिए आज दोपहर 3.30 बजे प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर-द्वितीय, विद्याधर नगर में राजस्थान मिशन-2030 संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## ओसवाल सोप अब मेघालय में भी उपलब्ध।

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ओसवाल सोप राजस्थान में वॉशिंग सोप का दूसरा नाम है। कंपनी ने अपनी क्वॉलिटी और कस्टमर केअर के दम पर ये मुकाम हासिल किया है। हाथ से कपड़े धोने के लिये काम में आने वाला ब्राउन् सोप ही ओसवाल ग्रुप की पहचान है। आज ओसवाल सोप राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में अपनी छाप छोड़ चूका है। ओसवाल सोप ग्रुप के करीब 60 उत्पाद इस समय मार्केट में है जिनमें चाय, बासमती चावल, पोहा, फ्लोर क्लीनर, टॉयलेट क्लीनर, झाड़ू, नहाने का साबुन आदि प्रमुख है। ओसवाल सोप ग्रुप के प्रमुख अजय जैन ने बताया कि ओसवाल सोप ग्रुप के उत्पादों की पूरे देश में भारी मांग है और सप्लाई हमेशा शार्ट में ही रहती है. पूर्वी भारत में संसाधनों की कमी के कारण उच्च गुणवत्ता के उत्पादों की कमी ही रहती है ऐसे में हमने सुदूर पूर्वी भारत में आपूर्ति का प्लान बनाया जिससे जन-जन तक गुणवत्ता के उत्पाद पहुंचे। मेघालय पूर्वी भारत का पहला राज्य है जहां ओसवाल सोप लांच हुआ है। कंपनी का भविष्य में अन्य ओसवाल उत्पादों को भी मेघालय में लांच करने की योजना है। गौरतलब है कि एक दुकान से व्यापर शुरू करके इतनी बड़ी सफलता हासिल करना कोई साधारण बात नहीं है. उचित मूल्य, बेहतर क्वालिटी के साथ साथ ओसवाल सोप ग्रुप ने कभी भी अपने उपभोक्ताओं के हितो को नजर अंदाज नहीं किया और ये ही उनकी सफलता का राज़ है।

## धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नव चेतना ग्रुप झोटवाड़ा के तत्वाधान मे खीरनी फाटक झोटवाड़ा स्थित श्री गणेश जी मंदिर मे नन्द-यशोदा के लाल श्री कृष्ण का अवतरण दिवस धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओ, बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान आकर्षक झाकियां, भक्तिमय नृत्य, गीत संगीत आयोजित किया गया। ग्रुप की संस्थापक प्रियंका गोयल, अनीता, मंजू एवं कार्यकारिणी सदस्य अनिता, शर्मीला, निशा, प्रियंका, किरण, लक्ष्मी, सुमन एवं कई सदस्यों, महिलाओ ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश मीना पंसारी कोटपूतली मंजू, आनंद, निशा, ललित व परमेश्वरी रहे। अंत में सभी को माखन-मिश्री का भोग लगाया गया।

### जयपुर में कल जुटेंगे माइंस और उद्योग से जुड़े स्टेक होल्डर्स, विशेषज्ञ, एसोसिएशन्स के प्रतिनिधि, अनुभव करेंगे साझा तो देंगे महत्वपूर्ण सुझाव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** माइंस एवं उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ और हितधारक गुरुवार को जयपुर में जुटेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम, उद्योग एवं एमएसएमई वीनू गुप्ता ने बताया कि 14 सितंबर को जयपुर में माइंस और उद्योग के क्षेत्र में राजस्थान को नवाचारी अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए इनसे जुड़े विशेषज्ञ, स्टेक होल्डर्स, युवा टक्नोक्रेट आदि आपसी अनुभवों व देश दुनिया में आ रहे बदलावों को आत्मसात् करने के लिए मंथन कर सुझाव देंगे। एसीएस गुप्ता ने बताया कि मिशन 2030 के तहत आयोजित 14 सितंबर को हितधारकों के साथ ही माइंस और उद्योग से जुड़े एसोसिएशन्स यथा राजस्थान चैंबर ऑफ कामर्स, सीआईआई, फोर्टी, फिक्की, भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, हस्तशिल्पियों, बुनकरों, डिक्की, वितत्तदायी संस्थाओं, खनन पट्टाधारकों, क्रेशर संचालकों और इनसे जुड़े एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों द्वारा हिस्सा लेने से सार्थक संवाद कायम हो सकेगा।

**18 राज्यों के स्टूडेंट्स करेंगे शिरकत, कई प्रदेशों के विधानसभा स्पीकर होंगे रूबरू**

# जयपुर में 3 दिवसीय भारतीय युवा संसद 15 से

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में युवाओं की सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका लाने के लिए जयपुर में भारतीय युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। मीडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न आयोजन, सत्रों और कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को नीति निर्माताओं, सामाजिक-राजनैतिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, पर्यावरणविदों के साथ अपने विषय को रखने और सीधे संवाद का मौका मिलेगा।

विश्व लोकतंत्र दिवस के मौके पर 15 सितंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय भारतीय युवा संसद के 25 वें संस्करण का विषय लोकतन्त्र में मीडिया संरक्षण रखा गया है। यह आयोजन केंद्रीय सभागार, इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, जयपुर में होगा। इसमें देशभर के लगभग 18 से अधिक राज्यों के युवा / छात्र-छात्राएं और शोधार्थी, जन-प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। संसदीय लोकतंत्र के प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, शून्यकाल के अलावा व्हिप सहित विधायिका की कार्यप्रणाली और अन्य पहलुओं पर चर्चा होगी।

### यहां से आए प्रतिनिधि चर्चा करेंगे

**इस** दौरान विशेष चर्चा के सत्र होगें, जिनमें फ्रांस, इटली आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, रूस-उक्रेन की वर्तमान स्थिति, जी- 20, ब्रिक्स, शिक्षा नीति, एनआरसी, उत्तरपूर्व की राजनीति, समान नागरिक संहिता, इण्डिया बनाम भारत बहस, आगामी आम चुनाव, मणिपुर, फिल्म और समाज, भारत-मिडिल ईस्ट यूरोप को जोड़ने वाले आर्थिक गलियारा, मिशन मून, मिशन आदित्य, अफ्रीकन यूनियन, एक देश-एक चुनाव, पाक अधिकृत कश्मीर, वैश्विक खाद्य संकट और भारतीय लोकतन्त्र के संदर्भ में विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिनिधि चर्चा करेंगे। आयोजन में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जेल सिंह की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि व पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह सांधवान, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचन्द गुप्ता, उत्तराखण्ड विधानसभा अध्यक्ष ऋतू खंडूरी, वरिष्ठ राजनेता गोरधन झड़पिया, केरला के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल, झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के साथ ही असम के मन्त्री अशोक सिंघल, अरुणाचल प्रदेश के मन्त्री नकाप नालो, नागालैंड के मन्त्री तेमजीन अलोंग, सिक्किम के मन्त्री लोकनाथ शर्मा, गुजरात के मन्त्री कुबेर भाई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अर्जुनभाई मोढ़वानिया, अंडमान से कांग्रेस सांसद कुलदीप शर्मा, मध्यप्रदेश के पूर्व मन्त्री व युवा नेता कांग्रेस जयवर्धन सिंह, त्रिपुरा मोथा से नेता प्रतिपक्ष अनिमेष देबबर्मा, राजनैतिक चिन्तक व सम्पादक मंथन डॉ. महेशचन्द्र शर्मा, दूरदर्शन से राहुल महाजन, संसद टीवी से पवन शर्मा, एबीपी के पूर्व नेशनल हेड अयानजीत सेन, समाचारप्लस के हैड व विधायक उमेश शर्मा, मणिपुर के पूर्व शिक्षा मन्त्री थोकचोम राधेश्याम, कुलपति-मेघालय प्रो. प्रभाशंकर शुक्ला, कुलपति छत्तीसगढ़ प्रो. एडीएन वाजपेई, कुलपति-अमरकण्टक प्रो. श्रीप्रकाशमणि त्रिपाठी, कुलपति पुलिस युनिवेर्सिटी जोधपुर आलोक त्रिपाठी इसमें शिरकत करेंगे।

**राजस्थान आवासन मंडल**

## सीधी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान आवासन मंडल द्वारा ली गई सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के चौथे और आखिरी दिन दोनों पारियों को मिलाकर कुल 72.10 फीसदी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। चौथे दिन के लिए 7 हजार 23 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए, जिसमें से 5 हज़ार 33 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। चारों चरणों में 59 हजार 996 परीक्षार्थियों में से 40 हजार 182 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनका प्रतिशत 66.97 रहा।आवासन आयुक्त कुमार पाल गौतम ने शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न करवाने में सहयोग के लिए पुलिस, प्रशासन, मंडल व संबंधित अधिकारियों और मीडिया का आभार जताया है। परीक्षा के चौथे दिन पहली पारी के लिए प्रदेश के कुल 26 परीक्षा केंद्रों के लिए 4150 कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिसमें से 2 हजार 888 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पारी के 19 परीक्षा केंद्रों के लिए 2 हजार 873 कॉल लेटर जारी किए गए थे, वहां 2 हजार 145 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सभी केंद्रों की लाइव टेलीकास्टिंग और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते चौथे दिन सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का परिणाम जल्द ही जारी किया जाएगा।

## बियानी कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी बी.एड गर्ल्स कॉलेज में फेयरवैल पार्टी आयोजित की गई। नये एवं पुराने गीतो के जरिये जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर्स को विदाई दी।फैयरवेल पार्टी में छात्राओं ने राजस्थानी व पंजाबी गीतों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया,साथ ही अपने सीनियर्स के प्रति अपने प्यार ओर सम्मान को दर्शाते हुए उन्हे विभिन्न टाइटल्स और गिफ्ट दिए और बहुत से गेम्स खिलाकर विदाई के गमगीन माहौल को मनोरंजक व रंगीन बनाने का प्रयास किया । पारम्परिक थीम पर आयोजित फेयरवैल पार्टी में मिस फेयरवैल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें रैम्प वॉक राउण्ड, और प्रश्नोतरी राउण्ड आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज के डीन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लडकियों की सबसे बडी ताकत उनके इमोशन्स होते है, जिसके बल पर वह जो भी फैसले लेती है, हमेशा उनसे सभी का भला ही होता है, किसी की बुराई की भावना उसमें नहीं शामिल की जाती। उन्होंने छात्राओं को अपने इमोशन्स को अपनी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत बनाने पर जोर दिया। छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्राओं की सफलता में ही कॉलेज की सफलता निहित है। कार्यक्रम में मिस फैयरवेल का खिताब अफसाना नाज ने अपने नाम किया। इस दौरान अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए प्रथम रनरप तानियां शर्मा और द्वितीय रनरप कोमल बनी।




ANCHOR | श्राद्ध पक्ष

# 29 सितंबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा पितृपक्ष

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पितृपक्ष के 15 दिन पितरों को समर्पित है। शास्त्रों में उल्लेख है कि इन 15 दिन में पितृ मृत्युलोक में विचरण करने आते हैं। पितृपक्ष में श्राद्ध, पिंडदान करने से पितरों की आत्मा तृप्त होती है और वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते है। इसके अलावा पितृपक्ष में ये अनुष्ठान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिलता है। पितृपक्ष भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से शुरु होता है। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक चलता है। इस बार श्राद्धपक्ष 29 सितम्बर से आरंभ होंगे। इसमें एक श्राद्ध की तिथि घटी है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष पूर्णिमा व प्रतिपदा का श्राद्ध एक ही दिन होगा।

### इससे होते पितृ प्रसन्न

शास्त्री ने बताया कि पितरों की जिस तिथि पर मृत्यु होती है। पितृ पक्ष में उसी तिथि के दिन श्राद्ध, तर्पण आदि करना चाहिए। ऐसा करने से घर में पितृदोष



भी दूर होता है। व्यक्ति का जीवन खुशियों से भर जाता है। पितृ प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि, वंश वृद्धि, सफलता का आशीर्वाद देते हैं। पितृदोष हो तो व्यक्ति की तरक्की व धन की आवक में रुकावटें आती हैं। विवाह में समस्या आती है। घर में झगड़े-कलह होते रहते हैं व वंश वृद्धि नहीं होती।

### पितृपक्ष में यह कार्य करे

शास्त्री ने बताया कि पितृपक्ष में श्राद्ध और पिंड दान जरूर करें। इसके अलावा पितरों को प्रसन्न करने के लिए तर्पण करें। पितृ पक्ष में श्राद्ध कर्म आदि अनुष्ठान तब तक अधूरे हैं, जब तक कि ब्राह्मणों को दान ना दिया जाए. इसके अलावा गरीबों को भी अन्न, वस्त्र, जूते आदि दान करें। पितृपक्ष में लहसुन-प्याज व तामसिक भोजन से परहेज करना चाहिए। शराब आदि का सेवन वर्जित है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के मुताबिक श्राद्धपक्ष में कोई भी शुभ काम नहीं करना चाहिए। इस दौरान नए कपड़े व गहने आदि नहीं खरीदने चाहिए। श्राद्ध में बेसन की मिठाई, चना व केला वर्जित हैं। इनका श्राद्ध में प्रयोग ना करें। कुल मिलाकर पितरों के सम्मान में ये 15 दिन सादगी से बिताने चाहिए।

### श्राद्ध की तिथियां और तारीख

29 सितंबर शुक्रवार पूर्णिमा श्राद्ध
29 सितंबर शुक्रवार प्रतिपदा श्राद्ध
30 सितंबर शनिवार द्वितीया श्राद्ध
01 अक्टूबर रविवार तृतीया श्राद्ध
02 अक्टूबर सोमवार चतुर्थी श्राद्ध
03 अक्टूबर मंगलवार पंचमी श्राद्ध
04 अक्टूबर बुधवार षष्ठी श्राद्ध
05 अक्टूबर गुरुवार सप्तमी श्राद्ध
06 अक्टूबर शुक्रवार अष्टमी श्राद्ध
07 अक्टूबर शनिवार नवमी श्राद्ध
08 अक्टूबर रविवार दशमी श्राद्ध
09 अक्टूबर सोमवार एकादशी श्राद्ध
11 अक्टूबर बुधवार द्वादशी श्राद्ध
12 अक्टूबर गुरुवार त्रयोदशी श्राद्ध
13 अक्टूबर शुक्रवार चतुर्दशी श्राद्ध
14 अक्टूबर शनिवार सर्व पितृ अमावस्या

# चम्बल रिवर फ्रंट से लगेंगे प्रदेश के पर्यटन को पंख

## देश-दुनिया के पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगी यहां की कला और भव्यता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश को मंगलवार को चम्बल रिवर फ्रंट की सौगात मिली। कोटा शहर में लगभग 1400 करोड़ रुपये की लागत से विकसित देश के पहले हैरिटेज रिवर फ्रंट का लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल की उपस्थिति किया। राज्य सरकार के कई मंत्रियों के साथ ही विभिन्न बोर्ड-निगम-आयोग अध्यक्ष एवं विशिष्ट लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। कोटा बैराज से नयापुरा पुलिया तक तक 2.75 किलोमीटर लम्बाई में विकसित चम्बल रिवर फ्रंट को अवलोकन कर सभी गणमान्य अभिभूत नजर आए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि राजस्थान के लिए यह गौरव का विषय है कि इस तरह का ऐतिहासिक कार्य कोटा में हुआ है। जो भी पर्यटक यहां आएंगे वे यहां की खूबसूरती को आजीवन याद रखेंगे। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि चम्बल रिवर फ्रंट ने राज्य में विकास की एक नई इबारत लिखी है। यह रिवर फ्रंट पर्यटन की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रख रही है। कोटा में विकसित चम्बल रिवर फ्रंट ना केवल पर्यटन और कला की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राजस्थान की गंगा-जमुनी तहजीब की भी मिसाल है। कृषि मंत्री श्री लालचंद कटारिया ने कहा कि वे चंबल रिवर फ्रंट के विभिन्न घाटों का अवलोकन कर अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि जो भी देशी-विदेशी पर्यटक यहां आएंगे उनके जेहन में लंबे समय तक यादें ताजा रहेंगी। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि राज्य विकास के पद पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। चंबल रिवर फ्रंट इसी की एक मिसाल है। यह देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि चंबल रिवर फ्रंट के बारे में जितना सुना था उससे कहीं बढ़कर पाया है। यहां पूरे विश्व की संस्कृति के दर्शन हो रहे हैं। यहां ऐतिहासिक कार्य हुआ है जो सदियों तक याद रखा जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की संकल्पना को साकार करता यह रिवर फ्रंट राजस्थान की लोक संस्कृति भी प्रमुखता से दर्शाता है। राजस्थान पर्यटन सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। चंबल रिवर फ्रंट से पर्यटन के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी खुलेंगे। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि कोचिंग सिटी के तौर पर पहचान रखने वाला कोटा अब चम्बल रिवर फ्रंट के लिए भी देश-दुनिया में जाना जाएगा। सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने कहा कि चंबल रिवर फ्रंट का कार्य अद्भुत और अकल्पनीय है। यहां निर्मित हर एक घाट और हर एक इमारत आकर्षित करने वाली है।



**2500 लीटर. घी... 9000 किग्रा. शक्कर एवं 100 किग्रा सूखे मेवे से जयपुर में बन रहे लड्डू, गणेशजी को लगेगा भोग**

# 15 हजार किलो सामग्री के सवा लाख मोदकों का लगेगा भोग

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव पर बुधवार को महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में सवा लाख मोदकों की झांकी सजाई जाएगी। झांकी के दर्शन सुबह पांच बजे से होंगे। इस दिन बाहर का प्रसाद नहीं चढ़ेगा। इस झांकी के मुख्य मोदक 251 किलो के 2 मोदक, 5 मोदक 51 किलो के, 21 मोदक 21 किलो के, 1100 मोदक 1.25 किलो के एवं अन्य छोटे मोदकों की झांकी होगी। भगवान श्री गणेश जी महाराज फूलों के झरोखे में विराजमान होंगे। शाम 6:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक निःशुल्क मोदक प्रसाद वितरण होगा।

### इतनी लगेगी सामग्री

प्रसाद को बनाने के लिए 2500 किलो घी, 3000 किलो बेसन, 9000 किलो शक्कर एवं 100 किलो के बीच में मेवे से लड्डू बनाए गए हैं। भगवान को विशेष मुकुट माणक एवं पन्न युक्त मुकुट धारण होगा। भगवान श्री गणपति को ध्रुपद गायन सबसे प्रिय है। इसी कारण भजन संध्या ध्रुपद गायन से प्रारम्भ होगी। यह कार्यक्रम 14 से 17 सितंबर तक शाम 7 से रात नौ बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# चुनाव तक गांधी जीवन-दर्शन फ्री!, फिर चुकाना होगा शुल्क

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी के सेंट्रल पार्क में गांधी दर्शन म्यूजियम बनकर तैयार हो गया है, इसी माह जनता को इसकी सौगात मिलने जा रही है। उद्घाटन होते ही जनता निशुल्क गांधीजी के जीवन दर्शन के बारे में जानेंगी। सब कुछ जेडीए के प्लान के अनुसार रहा तो उद्घाटन समारोह तीन दिन का होगा। इसमें पहले दिन लोकार्पण समारोह होगा, दूसरे दिन सेमिनार होगी। वहीं तीसरे दिन गांधीजी के जीवन दर्शन को एक प्ले के माध्यम से दिखाया जाएगा। जेडीए ने उद्घाटन के लिए 21 सितंबर को करवाने की तैयारी की है, माना जा रहा है कि सीएम से समय मिलते ही 21 सितंबर को इसका उद्घाटन हो सकता है। जेडीए अफसरों की मानें तो उद्घाटन के बाद इसे जनता के लिए निःशुल्क खोला जाएगा। हालांकि बाद में गांधी दर्शन म्यूजियम देखने और गांधीजी के जीवन दर्शन के बारे में जानकारी लेने के लिए लोगों को शुल्क चुकाना होगा। जानकारों की मानें तो चुनावों तक लोगों को यह फ्री में दिखाया जा सकता है।

### गांधी के जीवन दर्शन की मिलेगी जानकारी

गांधी दर्शन म्यूजियम में महात्मा गांधी के संस्कारों और उनके विचारों से लोगों को रूबरू करवाया जाएगा। देश के प्रमुख आंदोलनों में गांधीजी की भूमिका, आंदोलन से पहले गांधीजी के जीवन–दर्शन के बारे में जानकारी मिलेगी। विरासत एवं स्वतंत्रता संग्राम के मुख्य आंदोलनों को आभासी तौर पर पुनर्जीवित किया गया है। इस म्यूजियम में बेसमेंट, लॉअर ग्राउण्ड, अपर ग्राउण्ड में प्रार्थना कक्ष, लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेंस रूम, कैफेटेरिया, एडमिन ब्लॉक, सेंट्रल कोट एवं घाट आदि बनाए गए है।

### गांधी दर्शन म्यूजियम खास-खास

करीब 82 करोड़ रुपए की लागत के इस प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है।
2 अक्टूबर 2021 को सेन्ट्रल पार्क में सीएम ने किया शिलान्यास
14500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित किया गया म्यूजियम।

## जागरूक खबरें

### ■ बकाया बिल चुकाने पर मिलेगी छूट

**जयपुर @ जागरूक जनता.** जलदाय विभाग ने एक बार फिर पानी के बिलों को लेकर उपभोक्ताओं को सोमवार को बड़ी राहत दी है। अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त श्रेणी के उपभोक्ता 31 मार्च 2022 तक के बकाया पानी के बिलों को 31 दिसंबर 2023 तक जमा कराने पर ब्याज और पेनल्टी में छूट ले सकेंगे। इस संबंध में विभाग के संयुक्त शासन सचिव रामप्रकाश ने आदेश जारी किए हैं।

### ■ 4 से होगा 'खेला' और 'संवाद प्रवाह'

**जयपुर @ जागरूक जनता.** कला,साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग एवं जवाहर कला केन्द्र के कला संसार इनिशिएटिव के तहत 14 सितंबर से 'खेला' राष्ट्रीय हास्य नाट? समारोह और 'संवाद प्रवाह' का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यर् म का उद्घाटन एक्ट्रेस हिमानी शिवपुरी करेंगी।

### ■ गोपी भट्ट नाट्य समारोह आज से

**जयपुर @ जागरूक जनता.** परम्परा नाट्य समिति 13 से सितंबर से तीन दिवसीय गोपी भट्ट स्मृति संगीत नाट्य समारोह का आयोजन करेगी। इस समारोह में युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया जाएगा। पहले दिन नाटक 'महारथी', दूसरे दिन 'तानाबाना' और समापन पर 'शिव महिमा' का मंचन होगा।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**श्रीपापड़ वाले हनुमानजी मंदिर में जन आक्रोष सभा आयोजित, सामूहिक हनुमान चालिसा का किया पाठ**

# वन विभाग से प्राचीन हनुमान मंदिर मार्ग अवरुद्ध नहीं करने की अपील

### आक्रोषित संतों ने धरना स्थल पर किया हनुमान चालीसा पाठ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर-8 स्थित श्रीपापड़ वाले हनुमान प्रांगण में प्राचीन मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने जन आक्रोष सभा का आयोजन किया। सभा में बड़ी संख्या में संत एवं भक्तजनों ने भाग लिया। श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर महंत श्रीराम सेवक दासजी ने जन आक्रोष सभा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग द्वारा लगभग 2500 वर्ष पुराने पापड़ेश्वर महादेव मंदिर एवं श्रीपापड़वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में यज्ञशाला एवं परिक्रमा मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा है। जबकि वर्षों से यहां यज्ञ आयोजित होते आए हैं।

मंदिर में आने वाले वाहनों को भी वहां खड़ा किया जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग श्रीपापड़ वाले हनुमान मंदिर यज्ञशाला के पास आमरास्ता बंद करने की कार्रवाई कर रहा है। जिसके विरोध में संतों और आमभक्तजनों में आक्रोष है। मंदिर महंत श्रीरामसेवकदासी जी ने वन विभाग से अपील की है कि इस रास्ते को आमजन के लिए बंद नहीं करें। प्राचीन महादेव मंदिर में भक्तों का आना-जाना रहता है। आम लोगों के आवागमन को रोकने से हमारी धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचती है। संत समाज एवं आमभक्तजन पिछले 5 दिन से यज्ञशाला प्रांगण में धरना देकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वन विभाग को सद्बुद्धि देने के लिए मंगलवार को सायं हनुमान चालीसा पाठ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संतों के साथ आमजन ने भाग लिया।

### विधानसभा कूच करेगा संत समाज!

त्रिवेणी पीठाधीश्वर खोजीचार्य रामरिछपालदास महाराज, अग्र पीठाधीश्वर डॉ. राघवाचार्य महाराज ने एक स्वर में कहा कि वन विभाग ढाई हजार से अधिक प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं को जाने से रोक रहा है। हीरापुरी महाराज, हरिशंकरदास वेदांती, बाहुबलदेवाचार्य बलदेवदास महाराज, अरणिया धाम के हरिदास महाराज, श्री रामानंदापीठाधीश्वर प्रहलाददास महाराज, योगीराज रघुनंदनदास महाराज, चेतराम शरण, हरिदास, रामसेवकदास, ईश्वरदास, रामचरितदास, मनु महाराज सहित अन्य संतों ने एक स्वर में घोषणा की कि यदि दस दिन में मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेश के संत समाज को साथ लेकर विधानसभा कूच करेंगे।

### सीताराम अग्रवाल ने वन मंत्री को लिखा पत्र

**दूसरी** ओर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे सीताराम अग्रवाल को प्राचीन मंदिर बचाओ संघर्ष समिति का उपरोक्त विषय में एक ज्ञापन मिला, जिसके संदर्भ में अग्रवाल ने वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी को पत्र लिखकर संतों की भावनाओं से अवगत कराया।

## फलौदी से जयपुर रोडवेज की नवीन स्लीपर बस सेवा सेवा प्रारम्भ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा नव गठित जिले फलौदी से जयपुर के लिये नॉन एसी स्लीपर बस सेवा मंगलवार से प्रारम्भ की गई है। निगम के कार्यकारी निदेशक (यातायात) संजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि राजस्थान रोडवेज की यह बस फलौदी से सांय 5:00 बजे प्रस्थान कर जोधपुर रात्रि 9:00, बिलाडा 10:15, ब्यावर 12:45, अजमेर रात्रि 01:45 बजे तथा प्रातः 04:30 बजे जयपुर पहुँचेगी। वापसी में रात्रि 8:20 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 8:40 बजे फलौदी पहुँचेगी। यह स्लीपर बस सेवा लगभग 11:30 घण्टे में फलौदी से जयपुर के बीच की दूरी तय करेगी। फलौदी से जयपुर मार्ग पर यात्री 515/-रूपये एवं महिला यात्री 280/-रूपये में यात्रा कर सकेंगे। फलौदी-जयपुर मार्ग पर लोहावट, ओसिया, जोधपुर, अजमेर, जयपुर जाने वाले यात्रियों को भी निगम की इस बस सेवा का लाभ मिल सकेगा।

**अब तक 50 लाख से अधिक आमजन के सुझाव हुए प्राप्त**

# राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाना ही उद्देश्य-मुख्य सचिव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रगतिशील सोच की संकल्पना को साकार करने एवं राज्य को 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राजस्थान मिशन - 2030 के अंतर्गत राज्य का विज़न -2030 दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा आमजन एवं हितधारकों के साथ संवाद कर राजस्थान को 2030 तक प्रत्येक क्षेत्र में सिरमौर बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं।

मुख्य सचिव शनिवार को यहां शासन सचिवालय में मिशन-2030 से सम्बंधित विभागीय सचिवों की समीक्षा बैठक ले रही थी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा मिशन-2030 के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मिशन-2030 के अंतर्गत जनकल्याण एप के माध्यम से फेस टू फेस सर्वे किया जा रहा है जिसके तहत लगभग 40 लाख से अधिक भागीदारों से संवाद कर सुझाव लिए जा चुके हैं। वहीं मिशन-2030 की वेबसाइट के माध्यम से लगभग 80 हजार से अधिक नागरिकों एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। इसी क्रम में विभागीय हितधारकों के साथ परामर्श, आइवीआर सर्वे, इंटरैक्टिव विडियो सर्वे एवं फॉर्म भरवाकर लगभग 10 लाख से अधिक भागीदारों से सुझाव लिए जा चुके हैं, जिनका अध्ययन विश्लेषण कर उन्हें विज़न-2030 दस्तावेज में शामिल किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के द्वारा ऑनलाइन सेंसिटाइज़ेशन कार्यक्रम भी आयोजित किये गए हैं। जिनके दौरान लगभग 26 लाख से अधिक कार्मिकों एवं नागरिकों ने मिशन-2030 के बारे में जानकारी प्राप्त की है।

उन्होंने बताया कि स्कूल एवं कॉलेज विद्यार्थियों के सुझाव मिशन-2030 में शामिल करने के लिए राज्य भर के स्कूलों एवं कॉलेजों में 8 सितंबर को निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसके तहत विद्यार्थियों द्वारा 2030 तक राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में शामिल करने के लिए निबंध के जरिये सुझाव दिए गए हैं। इस प्रकार युवाओं से प्राप्त अच्छे सुझावों को भी विज़न -2030 दस्तावेज में शामिल किया जायेगा। उन्होंने इस मिशन के दौरान नागरिकों से बढ़ चढ़कर राज्य के विकास के बारे में सुझाव देने की अपील की।

# कैंसर रोग के प्रति जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सामाजिक प्रतिबद्धता की जिम्मेदारी निभाते हुए राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा जयपुर और शिप्रापथ मानसरोवर स्थित एच.सी जी कैंसर सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर रोग के प्रति जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सेशन जज श्री असीम कुलश्रेष्ठ रहे। डॉ. कार्तिक रस्तोगी और डॉ. अर्पित मित्तल ने कार्यशाला में कैंसर के कारण, लक्षण और उपायों के बारे में बताया। साथ ही कैंसर के बारे में लोगों के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। इस अवसर पर एच.सी जी कैंसर सेंटर की ओर से कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों की प्राथमिक जांच की व्यवथा की गई। राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा के अध्यक्ष ने एच.सी जी कैंसर सेंटर की ओर से कैंसर जांच और उपचार के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया। कार्यर् म के अंत में राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा के महासचिव मयंक कुलश्रेष्ठ ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS
BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY
WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click
START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST
Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management
MSGJET
SCHOOL Management System
Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...
Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan
WE ARE Google Partner | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads
DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE
INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# जी-20 शिखर सम्मेलन ने दिखाया विश्व रंगमंच में भारत का उभार

जी20 शिखर सम्मेलन की चुनौती अब उपलब्धि में बदल गई है। दिल्ली घोषणा पर सहमति आसान नहीं थी लेकिन भारत ने कर दिखाया। भारत के प्रयासों से अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्य का दर्जा मिला। यह देखना दिलचस्प ही नहीं सुखद भी है कि जी20 का जो दो दिवसीय शिखर सम्मेलन एक बडी चुनौती के रूप में सामने आ रहा था, आयोजन समाप्त होते तक वह एक उपलब्धि में तब्दील हो गया। यों भी दुनिया की 20 सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था वाले देशों के राष्ट्राध्यक्षों का मिलन एक बड़ा मौका था और उसके आयोजन से जुड़ी अपनी चुनौतियां थीं, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बदलते वैश्विक समीकरण ने यह सवाल खड़ा कर दिया था कि इस अहम अंतरराष्ट्रीय मंच की प्रासंगिकता आगे उस रूप में बनी रह पाएगी या नहीं, जैसी अब तक रही है। ये सवाल तब और गहरे हो गए, जब पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और फिर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साफ कर दिया कि वे इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे। यही नहीं, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शिखर बैठक शुरू होने से कुछ दिन पहले सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि अगर संयुक्त वक्तव्य में यूक्रेन युद्ध पर रूस के पक्ष का ख्याल नहीं रखा गया तो वह उसे नामंजूर कर देगा। चीन की तरफ से ऐसा कुछ कहा भले न गया हो, लेकिन यह स्पष्ट था कि वह जी20 की दिल्ली बैठक को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहा और इस बैठक को बहुत कामयाब माना जाए इसमें उसकी कोई खास दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में यह लगभग तय मान लिया गया था कि नई दिल्ली से जी20 का कोई संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं होगा। तमाम प्रेक्षक इस मंच की प्रासंगिकता और दिल्ली बैठक की सार्थकता साबित करने वाले दूसरे बिंदुओं की ओर देखने लगे थे। लेकिन आखिर तक हार न मानने वाला भारतीय नेतृत्व का जज्बा ही कहिए कि माहौल की प्रतिकूलता के बावजूद नई दिल्ली में तमाम देशों के प्रतिनिधियों के आते ही जी20 शेरपाओं और कूटनीतिज्ञों की टीम अलग-अलग उन सबसे बात करने और सहमति की एक साझा जमीन बनाने के प्रयासों में लग गई। रात भर चले इन प्रयासों का परिणाम यह रहा कि बैठक के पहले ही दिन प्रधानमंत्री ने दिल्ली घोषणा पर सहमति बनने का एलान कर दिया। ध्यान रहे, बाली में हुई पिछली शिखर बैठक में साझा बयान जारी होने के बाद रूस ने उसके कुछ हिस्सों पर असहमति दर्ज कराई थी, लेकिन इस बार उसकी नौबत नहीं आई। हालांकि इस बयान में यूक्रेन युद्ध को लेकर सीधे तौर पर रूस का जिक्र भले न किया गया हो, यह जरूर कहा गया है कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल या इसके इस्तेमाल की धमकी अस्वीकार्य होगी। शिखर बैठक की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्य का दर्जा देकर अब यह ग्रुप जी21 हो गया है। इसके पीछे भी भारत के प्रयासों की स्पष्ट भूमिका रही। कुल मिलाकर नई दिल्ली बैठक में जहां यह अंतरराष्ट्रीय मंच पहले से ज्यादा प्रासंगिक और ज्यादा मजबूत होकर उभरा, वहीं विश्व रंगमंच में भारत की भूमिका भी पहले से अधिक महत्वपूर्ण, अधिक निर्णायक साबित हुई।

**पूरी दुनिया में शायद ही कोई शख्स ऐसा होगा, जिसने गूगल के बारे में नहीं सुना हो। सभी इंटरनेट यूजर्स आज गूगल का इस्तेमाल किसी ना किसी रूप में करते ही हैं। इन अर्थों में कहा जा सकता है कि गूगल इंटरनेट यूजर्स के लिए उनके जीवन का एक जरूरी हिस्सा बन गया है।**

# डिजिटल दुनिया के चैंपियन की रजत जयंती


» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

> हाल ही में गूगल सर्च में जेनरेटिव एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर को जोड़ा गया है। इस फीचर के जरिए यूजर्स के लिए किसी टॉपिक को सर्च करना और भी आसान हो जाएगा। यूजर्स की सहायता के लिए गूगल ने अपना एआई-पॉवर्ड बार्ड चैटबॉट भी पेश किया है।

नंबर वन सर्च इंजन गूगल ने पिछले दिनों टेक्नोलॉजी की दुनिया में 25 साल पूरे किए। गूगल सर्च इंजन को 4 सितंबर 1998 को डेवलप किया गया था। अमेरिकी कम्प्यूटर इंजीनियर्स लैरी पेज और सर्गे ब्रिन ने गूगल की शुरुआत की थी। इस दौरान ये दोनों कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पीएचडी के छात्र थे। गूगल अब अल्फाबेट कंपनी का हिस्सा है और इसके सीईओ सुंदर पिचाई हैं, जो भारत मूल के हैं। सुंदर पिचाई 24 अक्टूबर 2015 को गूगल के सीईओ बने। पिचाई ने गूगल के फाउंडर और पूर्व सीईओ लैजी पेज की जगह ली थी। पिचाई आगे चलकर 3 दिसंबर 2019 को गूगल के साथ-साथ अल्फाबेट कंपनी के भी सीईओ बन गए।




स्थापना के बाद से अब तक गूगल की कई सेवाओं का हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल कर रहे हैं। सर्च के अलावा, मैप्स, कैलैंडर, चौट, जीमेल, यूट्यूब जैसी सर्विसेज का हम इस्तेमाल करते हैं। दुनिया में इस्तेमाल होने वाले 60 प्रतिशत स्मार्टफोन गूगल के एंड्राइड ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करते हैं।

आज हालात यह हैं कि पूरी दुनिया में शायद ही कोई शख्स ऐसा होगा, जिसने गूगल के बारे में नहीं सुना हो। हर इंटनरेट यूजर्स आज गूगल का इस्तेमाल किसी ना किसी रूप में करता ही है। यह भी कहा जा सकता है कि गूगल इंटरनेट यूजर्स के लिए उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। अब ईमेल से लेकर जेनरेटिव एआई तक हर क्षेत्र में गूगल ने अपना नाम बनाया है। पिछले 25 वर्षों के दौरान हमनें गूगल पर बड़े पैमाने पर बदलाव देखा है।

साल 1998 में एक सर्च इंजन के तौर पर लॉन्च होने वाले इस प्लेटफॉर्म ने पिछले 25 सालों में पीछे मुड़कर नहीं देखा है। कुछ ही समय में गूगल यूजर्स के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया। खोज इंजन ने न केवल उन्हें किसी भी मिनट-दर-मिनट विवरण की खोज करने की अनुमति दी, बल्कि उपयोगकर्ताओं को केवल एक क्लिक के माध्यम से अपने प्रियजनों से जुड़ने में भी मदद की। कहने की जरूरत नहीं है कि सर्च इंजन ने मानव जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसे बेहतर तरीके से प्रभावित भी किया है। वर्ल्ड वाइड वेब के लॉन्च के 5 साल के बाद गूगल एक सर्च इंजन के तौर पर लॉन्च हुआ था। वर्ल्ड वाइड वेब के आने के बाद से दुनिया छोटी लगने लगी। लोगों के कम्प्यूटर का एक्सेस पूरी दुनिया को हो गया। गूगल के जरिए लोगों को इंटरनेट पर मौजूद जानकारियां आसानी से मिलने लगी। 2006 में गूगल शब्द को आधिकारिक तौर पर डिक्शनरी में भी जगह मिल गई। हाल ही में गूगल सर्च में जेनरेटिव एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर को जोड़ा गया है। इस फीचर के जरिए यूजर्स के लिए किसी टॉपिक को सर्च करना और भी आसान हो जाएगा।

गूगल का यह फीचर 40 भाषाओं को सपोर्ट करता है, जिनमें 9 भारतीय भाषाएं शामिल हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल को दुनिया के 230 देशों में लॉन्च किया गया है। गूगल इसमें लगातार नए फीचर्स जोड़ रहा है, ताकि यूजर्स को बेहतर और कस्टमाइज्ड एक्सपीरियंस मिल सके। इस साल मई में गूगल ने अमेरिका में दो अतिरिक्त डेटा सेंटर की घोषणा की है, जो कंपनी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी को नए आयाम देंगे। गूगल का मुख्य उद्देश्य ष्दुनिया की जानकारी को व्यवस्थित करना और इसे सार्वभौमिक रूप से सुलभ और उपयोगी बनाना है।ष् कंपनी ने सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला विकसित की है, जिसने मनुष्य के रहने और काम करने के तरीके को बदल दिया है, जिससे इस लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

गूगल ने जीमेल, गूगल मैप्स और गूगल ट्रांसलेट सहित कई अन्य उत्पाद पेश किए हैं। ये सभी प्रोडक्ट्स यूजर्स के लिए बेहद फायदेमंद साबित हुए हैं। 1 अप्रैल, 2004 को कंपनी ने 1 जीबी स्टोरेज के साथ जीमेल पेश किया, जिसने इसे अन्य प्रोडक्ट पर बढ़त दिला दी। अन्य विकल्प केवल कुछ मेगाबाइट स्टोरेज की पेशकश करते हैं। गूगल सर्च ने लोगों के लिए कुछ भी तलाश करना बेहद आसान बना दिया है। और खास बात यह है कि सर्च का यह काम पलक झपकते ही पूरा किया जा सकता है। गूगल मैप्स ने लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रास्ता तय करने में मदद की है। हालांकि, यह 2009 तक उपयोगी नहीं था, जिसके बाद गूगल ने स्मार्टफोन पर मैप्स के लिए टर्न-बाय-टर्न जीपीएस नेविगेशन पेश किया। गूगल अनुवाद ने लोगों के लिए भाषा की बाधा के बिना विभिन्न देशों की यात्रा करना आसान बना दिया है। गूगल अर्थ के सौजन्य से लोग अब अपने कंप्यूटर से दुनिया के किसी भी हिस्से के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं। गूगल फोटोज के जरिए लोग अब आसानी से फोटो स्टोर और शेयर कर सकते हैं। सर्च इंजन का दुनिया पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। कंपनी की बदौलत लोग अब दुनिया भर की सूचनाओं, लोगों और व्यवसायों से अधिक आसानी से जुड़ सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इससे सूचना पहुंच और उपयोगिता में सुधार हुआ है।

गूगल ने हाल ही में यूजर्स को उनके प्रश्नों में मदद करने और उनके दैनिक कार्यों में सहायता करने के लिए अपना एआई-पॉवर्ड बार्ड चैटबॉट भी पेश किया है। इतना ही नहीं, तकनीकी दिग्गज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भी भारी निवेश किया है और कहा जाता है कि वह एआई-संचालित अनेक नए प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# सियासी सीढ़ी से सत्ता प्राप्ति का प्रयास

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



विवेक वैष्णव
पत्रकार
@jagrukjanta.net

यात्राओं को सियासी हलकों में हमेशा अहम रोल रहता आया है। जब जब भी कोई यात्रा निकली है तो उसका फायदा सम्बन्धित को अवश्य मिला है। सबसे पहले 1990 में भाजपा द्वारा लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में सोमनाथ से अयोध्या तक यात्रा निकाली गई। उस समय सत्ता परिवर्तन तो नही हुआ लेकिन प्रभाव जरूर दृष्टिगोचर हुआ और भाजपा सांसदों की संख्या में बढ़ोत्तरी अवश्य हुई। इस प्रयास से उत्साहित होकर भाजपा ने 2003 में यह प्रयोग राजस्थान में किया और बेहद सफल रहे इस प्रयोग में राजस्थान में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी। गत वर्ष कांग्रेस ने भी राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली और इसके परिणाम स्वरूप न सिर्फ कांग्रेस की कर्नाटक में सरकार बनी वरन् इस यात्रा ने संजीवनी देते हुए कांग्रेस में एक नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार भी किया है। 2024 के लोकसभा चुनावों के सेमीफाईनल के रूप में पांच राज्यों में चुनावी समर के लिए राजनैतिक पार्टियों ने बिसात बिछा दी है। भाजपा राजस्थान में परिवर्तन संकल्प यात्रा के माध्यम से सत्ता वापसी को प्रयासरत है वही दूसरी ओर मध्यप्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सत्ता को बचाने की कवायद में जुटी हुई है। एक बार पुनः चुनावी बिगुल बज चुका है, सियासी रण सज चुका है और राजनीतिक पार्टिया अपने अपने तरीके से सत्ता पर काबिज होने को आतुर है। भाजपा राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में यात्रा के जरिये सियासी जमीन को मजबूत करने में लगी हुई है। लेकिन इस बार परिस्थितियां अलग है और इन राज्यों में पूर्व मुख्यमंत्री को मैनेज करना भी एक चुनौती सा हो गया है। मध्यप्रदेश में उमा भारती नाराज चल रही है। छत्तीसगढ़ में डॉ. रमनसिंह लगभग निष्क्रिय से है और राजस्थान में वसुन्धरा राजे को लेकर पार्टी पशोपेश की स्थिति में है।

राजस्थान में भाजपा ने जब जब भी विपक्ष में रहकर यात्रा का सहारा लिया तब तब उसने सत्ता की चौखट को पाया है। राजस्थान में सबसे पहले 2003 में भाजपा की तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष वसुन्धरा राजे के नेतृत्व में राजसमन्द के श्री चारभुजा जी से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की। इस परिवर्तन यात्रा ने अपने नाम के अनुसार परिवर्तन लाते हुए 2003 के विधानसभा चुनाव में 120 सीटे जीतकर भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में भी पूर्णतः सहयोग दिया। सत्तारूढ़ रहते हुए 2008 में पुनः विधानसभा चुनाव हुए लेकिन इस चुनाव में भाजपा को 78 सीटो पर समेट कर विपक्ष की भूमिका में ला खड़ा किया। पुनः 2013 में विपक्ष की भूमिका में रहते हुए भाजपा ने वसुन्धरा राजे के नेतृत्व में सुराज संकल्प यात्रा श्री चारभुजा जी से प्रारंभ की। इस यात्रा ने 2003 की परिवर्तन यात्रा को भी पीछे छोडते हुए राजस्थान में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत दिया और 163 सीटे जीतकर भाजपा ने सत्ता वापसी की। वर्ष 2018 में सत्तारूढ़ रहते हुए भाजपा ने श्री चारभुजा जी से पुनः राजस्थान गौरव यात्रा निकाली लेकिन सत्ता के चलते राजस्थान की जनता ने विश्वास में कमी दिखाई और 72 सीटों के साथ भाजपा को विपक्ष की भूमिका में ला खड़ा किया। राजस्थान की राजनीति में अभी तक सभी यात्रायें वसुन्धरा राजे के नेतृत्व में ही निकाली गई है तो क्या 2023 की परिवर्तन यात्रा 2003 की परिवर्तन संकल्प यात्रा की तरह ही राजस्थान भाजपा को एक नया परिवर्तन देने की रणनीति का हिस्सा तो नही है। 2003 तक भैंरो सिंह शेखावत ही राजस्थान में भाजपा का लोकप्रिय एवं सर्वोपरि चेहरा माने जाते थे। वर्ष 2003 की परिवर्तन यात्रा ने राजस्थान भाजपा में परिवर्तन लाकर वसुन्धरा राजे को लोकप्रिय व ब्राण्ड एम्बेसेडर बना दिया। 2023 की परिवर्तन संकल्प यात्रा कई मायनों में अलग है तो क्या 2003 की भांति इस परिवर्तन संकल्प यात्रा से भी राजस्थान भाजपा को एक नया लोकप्रिय व सर्वोपरि नेतृत्व मिल पायेगा।अभी तक एक ही यात्रा पूरे राजस्थान में निकाली जाने की परम्परा रही है लेकिन इस बार फेस विवाद से बचने के लिए भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा को चारों दिशाओं में अलग अलग निकाली जा रही है। इस बार निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा अभी तक पूर्व की भांति भीड़ नही जुटा पाई है तो क्या वोट जुटाकर बहुमत पाने में कामयाब हो पायेगी। एक तरफ राजनीति के जादूगर का पूरा ध्यान चुनावी वैतरणी पार करने और सरकार को रिपीट करने के लिए लगा हुआ है और रोज योजनाओं का पिटारा खोला जा रहा है। दूसरी तरफ भाजपा में परिवर्तन यात्रा को शक्ति परीक्षण के रूप में भी देखा जा रहा है तो क्या यह परिवर्तन यात्रा भी परिवर्तन लाते हुए भाजपा को विपक्ष से निकालकर सत्तारूढ़ लैण्डिंग करा पायेगी।

# जलप्रलय संवेदनशीलता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. मोकि‍ा रघुवंशी
पर्यावरणविद्
@jagrukjanta.net

अबाढ़ का खतरा बाढ़ की तीव्रता, जैसे बाढ़ की गहराई, वेग और अवधि पर निर्भर करता है। भौतिक, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक बाढ़ की स्थितियों में खतरों के प्रभाव के प्रति समुदाय की संवेदनशीलता को बढ़ाते हैं। जब बाढ़ का पानी लोगों और बुनियादी ढांचे पर भौतिक रूप से अतिक्रमण करता है, तो नुकसान और क्षति की सीमा के लिए लोगों और बुनियादी ढांचे की स्थिति निर्णायक होती है। शहरी बाढ़ के कारकों में जनसंख्या का उच्च घनत्व, बड़े अभेद्य क्षेत्र, जल निकासी प्रणालियों का अवरुद्ध होना, संपत्तियां व बुनियादी ढांचे आदि सम्मिलित हैं। बाढ़ की समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्र की भूगर्भिक स्थिति की व्यापक समझ और जल क्षेत्रों में सक्रिय द्रवगतिक्रिया विज्ञान का ज्ञान आवश्यक है। बाढ़ की समस्याओं के प्रबंधन में शामिल हैं: बाढ़ क्षेत्र क्षेत्रीकरण, नियोजित शहरीकरण, प्रचुर प्रवाह प्रणाली और झीलों की बहाली, नदियों और नालों की खुदाई, सड़कों और गांव की भूमि की ऊंचाई में वृद्धि, कुशल तूफान मल जल निकास प्रणाली , नदियों के किनारे मध्यवर्ती क्षेत्र स्थापित करना, संरक्षण जुताई, निर्माण स्थलों पर नियंत्रित अपवाह, सुशासन, जीवन शैली नियंत्रण, फसल समायोजन व बाढ़ चेतावनी प्रणाली।

***जलमग्न धरा (बाढ़ की मनोस्थिति में स्तुति)***

कल-कल जल बहता जलमग्न हुई है धरा,
किसी के मुख से ऊफ है निकलती किसी मुख से आह,
क्षुधा से बिलख रहे हैं बालक सिसक रही हैं माँ,
आके बचालो अपनी रचना हो जाएंगे तबाह,
हा-हा-कार मचा धरती पर कहाँ हो मेरी माँ?
तड़पन देखी न जाय किसी की, सुनी न जाय आह,
हम सब मिलकर करें प्रार्थना आओ जगदम्बा- मीरा झा

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



तब कविराज ने उसकी स्त्री को बुलाकर दवा खाने को कहा तो उसने भी रोते हुए कहा-उन्हें तो जो होना था सो हो गया, अब मेरे बच्चों के लिए क्या होगा। उनका पालन कौन करेगा, मैं कैसे दवा खाऊं? तब तक शिष्य होश में आ गया वह समझ गया, संसार में कोई किसी का नहीं। अपने बस ईश्वर ही हैं, उन्हीं की भक्ति करो। विषयों की आसक्ति रहते ईश्वर दर्शन नहीं होता। आशक्ति के समूल नष्ट होने पर आत्म ज्ञान होता है। तब ज्ञान होता है कि आत्मा अलग है और देह अलग है। नारियल का पानी सूखे बिना गोले का नारियल से अलग करना बड़ा मुश्किल है। पानी सूख जाता है तो भी नारियल का गोला खड़खड़ाता रहता है। वह खोल से छूट जाता है, इसे पका हुआ नारियल कहते हैं। इसी तरह विषय आसक्ति रूपी पानी के सूखने पर देह के अंदर जो आत्मा है वह अलग दिखाई देने लगती है। पहली आवश्यकता है ईश्वर को प्राप्त करने की, उसके बाद जीव जगत। पहले एक ईश्वर उसके बाद अनके रूपी जीव जगत। एक को जानने पर अनेक को भी जाना जा सकता है। एक की संख्या के बाद यदि शून्य बढ़ाते जाएं तो संख्या बढ़ती जाती है। एक को मिटा देने से कुछ भी नहीं रहता। एक को लेकर ही अनेक हैं। ईश्वर की प्राप्ति हो गई तो स्वतः ही सब कुछ मिल गया। क्रमशः

## ओपिनियन

# जीवनदायी महासागरों में फैलता प्रदूषण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



तुषार पुरोहित
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

हाल के वर्षों में महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरों में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है।

महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते हैं। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है, जिनमें असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग सत्तर प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग सत्तानबे प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। हर साल आठ जून को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गई थी की विश्व के जो महासागर हैं, उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फार ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन पृथ्वी सम्मेलन में रखा था।

आठ जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से हर साल आठ जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर दुनिया भर में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं, जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का तीस प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर और आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं, जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु और वनस्पतियां पनपती हैं। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्त्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा-सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है।

वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र, विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्त उपलब्धता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे, वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्त्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण और समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। हाल के वर्षों में महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरों में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है।

जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



अनविका डॉटर प्रियंका-हेमंत शर्मा, जयपुर

**हमे भेजें**

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग





ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

## जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 13/09/2023**

**सूर्योदय :** 06:14 **सूर्यास्त :** 18:30 **चन्द्रोदय :** 04:28 **चन्द्रास्त :** 17:54 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** श्रावण **पूर्णिमांत :** भाद्रपद **सूर्य राशि :** सिंह **चन्द्र राशि :** सिंह **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** चतुर्दशी, 28:48 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **श्रावण :** अमान्त **चन्द्रमास भाद्रपद :** पूर्णिमान्त **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** मघा, 25:56 तक
**योग :** सिद्ध, 25:58 तक
**प्रथम करण :** विष्टि, 15:35 तक
**द्वितिय करण :** सकुना, 28:48 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:32 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:55 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:21 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:29 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:29 पी एम से |
| अमृत काल | 11:19 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:54 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पूर्व
कुंभ चक्र: कण्ठ

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| अमृत | : 06:13 - 07:45 | उद्वेग : 06:29 - 07:57 |
| काल काल वेला | : 07:45 - 09:17 | शुभ : 07:57 - 09:25 |
| शुभ | : 09:17 - 10:50 | अमृत : 09:25 - 10:54 |
| रोग | : 10:50 - 12:22 | चर : 10:54 - 12:22 |
| उद्वेग | : 12:22 - 01:54 | रोग : 12:22 - 01:50 |
| चर | : 01:54 - 03:27 | काल : 01:50 - 03:18 |
| लाभ वार वेला | : 03:27 - 04:59 | लाभ : 03:18 - 04:46 |
| अमृत | : 04:59 - 06:31 | उद्वेग : 04:46 - 06:14 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज चतुर्दशी

**आज कौन सा कार्य करें**

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

भाद्रपद, कृष्ण, पूर्णिमांत, 2080 बुधवार, 13 सितम्बर - 19 सितम्बर, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**नवीन** वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। राजकीय बाधा संभव है। नए काम मिल सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे होने से प्रसन्नता रहेगी।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**किसी** अपने ही वाले व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नकारात्मकता रहेगी। यात्रा में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। व्ययवृद्धि होगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**राजकीय** सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति होगा। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। व्यय होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नए स्रोत से आय प्राप्त होगी। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**उन्नति** के मार्ग प्रशस्त होंगे। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत मिलेंगे। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
**वाहन,** मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। आय में कमी हो सकती है। धनहानि की आशंका बनती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों की अपेक्षा बढ़ेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**बौद्धिक** कार्य सफल रहेंगे। संगीत इत्यादि में रुचि रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
**रुके** कार्यों में गति आएगी। किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। प्रभावशाली व्यक्तियों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य नरम हो सकता है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**दूसरों** के कार्य में हस्तक्षेप न करें। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। मेहनत अधिक होगी। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षा बढ़ेगी। कोई नकारात्मक सूचना मिल सकती है।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**नए** काम मिलने की संभावना है। आय के स्रोत बढ़ेंगे। घर-बाहर सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होंगे। रुके कार्य पूर्ण होंगे। भाग्य की अनुकूलता है। भरपूर प्रयास करें। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**अच्छे** समाचार प्राप्त होंगे। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। काम में मन लगेगा। पुराने मित्र व रिश्तेदारों से मेल बढ़ेगा। संपर्क बनाएं। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**डूबी** हुई रकम प्राप्त हो सकती है। व्यावसायिक कार्य के लिए लंबी यात्रा की योजना बनेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**सामाजिक** कार्य करने के अवसर प्राप्त होंगे। मान-सम्मान मिलेगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। बड़े कार्य के होने की संभावना है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# आधे से ज्यादा मौजूदा विधायकों के कटेंगे टिकट, मीडिया के एक तबके पर मेहरबान गहलोत!

# नए चेहरों पर दांव खेलेगी पार्टी, 50% उम्मीदवार होंगे युवा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के लिए यह विधानसभा चुनाव कई मायनों में अहम साबित होगा। हार-जीत तय है, लेकिन हारेगा कौन-जीतेगा कौन? इसका निर्णय जनताजनीदन करती है। इसी जनता को मौजूदा कांग्रेस लोक लुभावना घोषणाएं करके पुचकारने की कोशिश खूब कर रही है। इसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा या नहीं यह समय पर पता चलेगा। राजस्थान कांग्रेस के मुखिया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रचार की पूरी बागड़ोर अपने हाथ में ले रखी है। लेकिन उनका यह प्रचार का तरीका अंदरखाते उन्हें बड़े नुकसान की ओर जरूर ले जाएगा। वहीं पार्टी के अंदर असंतोष की ज्वाला भी बखूबी धधक रही है। मीडिया के एक तबके को खुश करके बाकी तमाम मीडिया के असंतोष की ज्वाला का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस इस बार के विधानसभा चुनाव में पिछली गलतियों से सबक लेते हुए टिकट पैटर्न बदलने जा रही है। सत्ता में रहकर हर बार ज्यादातर मंत्री-विधायकों को रिपीट करती आ रही पार्टी इस बार 65 से 70 प्रतिशत तक नए चेहरों को टिकट देने की कोशिश में है। टिकट चयन के मामले में कांग्रेस पहली बार मल्टी लेवल वर्किंग कर रही है। प्रदेश इकाई के साथ सेंट्रल लीडरशिप भी इस बार राजस्थान से ज्यादा उम्मीदें दिखने के कारण काफी गंभीर है। हर सीट पर उम्मीदवार चयन में बारीकी से हार-जीत का आकलन किया जा रहा है। कांग्रेस चाहती है कि राजस्थान में इस बार सरकार रिपीट करने का रिकॉर्ड तोड़े। पार्टी की ओर से कराए गए विभिन्न सर्वे में 50 प्रतिशत मौजूदा मंत्रियों और विधायकों की फील्ड में स्थिति कमजोर मिली है। यानी आधे विधायकों को फिर से टिकट मिलने की गारंटी नहीं है।

**मौजूदा विधायक : दोबारा टिकट देते है तो ज्यादातर हारते हैं**

- साल 2013 में कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए 105 उम्मीदवार रिपीट किए थे। इनमें से 91 हार गए थे। रिपीट किए गए प्रत्याशियों में 75 विधायक भी शामिल थे, लेकिन सिर्फ 5 ही जीते थे। बाकी 70 विधायकों को हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस ने इस चुनाव में 31 ऐसे लोगों को टिकट दिया था, जो पिछले चुनाव में हार गए थे। इनमें से भी मात्र 9 ही जीते थे।
- साल 2003 के चुनाव से पहले कांग्रेस सत्ता में थी। 153 सीटों के साथ अशोक गहलोत सीएम थे। चुनाव में कांग्रेस महज 56 सीटों पर सिमट गई थी। फिर से निर्वाचित होने वाले विधायकों का प्रतिशत मात्र 17 पर अटक गया था। यानी 153 सीटों के साथ सत्ता में रही कांग्रेस के सिर्फ 34 ही विधायक फिर से चुनकर विधानसभा पहुंच सके थे।



**सीएम** अशोक गहलोत से लेकर प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा जिताऊ उम्मीदवार को ही टिकट देने की बात कह कर नेताओं को टिकट कटने के लिए पहले से ही तैयार रहने के संकेत दे रहे हैं। एआईसीसी ने तय किया है कि चुनाव में पचास फीसदी चेहरे युवा होंगे और इनमें भी महिलाओं की भागीदारी प्रमुखता से होगी। लोकल स्तर पर पार्टी के खिलाफ एंटी इन्कमबेंसी कम करने के लिहाज से उन सीटों पर इस बार खास बदलाव करने की तैयारी है, जहां लगातार एक ही परिवार को टिकट मिलता आ रहा है। इसके अलावा दो बार चुनाव हारने वाले नेताओं को भी टिकट मिलने की उम्मीद कम है। राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल का कहना है कि राजस्थान को लेकर पार्टी का पूरा फोकस और सोच की दिशा इस पॉइंट पर है कि सरकार कैसे रिपीट हो? हम देख रहे हैं कि पिछले चुनावों में वे कौनसी गलतियां रहीं जब सत्ता में रहते हुए अच्छे काम के बावजूद हम वापस सरकार नहीं बना पाए। इस बार उन्हीं गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उसी हिसाब से फैसले लिए जाएंगे।

**एआईसीसी ने तय किए टिकट के 5 बड़े पैरामीटर**

- 50 प्रतिशत युवाओं को टिकट, महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।
- जिस सीट पर लगातार एक ही परिवार को टिकट मिलता आ रहा वहां बदलाव संभव।
- लगातार दो बार चुनाव हारने वालों को टिकट नहीं, नए लोगों को मिलेगा मौका।
- किसी बड़े नेता की टिकट में सिफारिश नहीं चलेगी, सर्वे में जो जिताऊ उसी को टिकट।
- भ्रष्टाचार के आरोपों और विवादों से घिरे विधायकों को टिकट नहीं।

**मंत्री रहकर चुनाव लड़ने वाले ज्यादातर नेता फिर से जीत नहीं पाते**

- साल 2013 के चुनाव में गहलोत मंत्रिमंडल में शामिल रहे 31 मंत्री सीट नहीं बचा पाए थे। हारने वाले मंत्रियों में डॉ. जितेंद्र सिंह, राजेंद्र पारीक, हेमाराम और हरजीराम बुरड़क, दुर्रु मियां, भरतसिंह, बीना काक, शांति धारीवाल, भंवरलाल मेघवाल, ब्रजकिशोर शर्मा, परसादीलाल, जैसे दिग्गज नेता शामिल थे।
- साल 2003 के चुनाव में सत्ता के खिलाफ पब्लिक में पनपी नाराजगी के कारण गहलोत मंत्रिमंडल के 18 मंत्री हार गए थे। हारने वाले मंत्रियों में डॉ. कमला बेनीवाल, डॉ. जकिया, हरिसिंह कुम्हेर, डॉ. जितेंद्र सिंह, मास्टर भंवरलाल मेघवाल, इंदिरा मायाराम, जनार्दन सिंह गहलोत, माधव सिंह दीवान, हबीबुर्रहमान, छोगाराम बाकोलिया, गुलाबसिंह शक्तावत, हरेंद्र मिर्धा, खेतसिंह राठौड़, तैयब हुसैन शामिल थे।

आकर्षण का केन्द्र बनी चरखा चलाते महात्मा गांधी की प्रतिमा

## बाइडन, सुनक समेत अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रजापति की बनाई प्रतिमा को परखा व सराहा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर के मशहूर सिद्धहस्त पुश्तैनी आर्टिस्ट मुकेश अर्जुन प्रजापति की मेटल में बनाई चरखा चलाते राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा दिल्ली के राजघाट चौराहे पर जी-20 राष्ट्राध्यक्षों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं, जिसे भरपूर सराहना मिली। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने आर्टिस्ट मुकेश अर्जुन प्रजापति की इस कला को दिलीतौर पर परखा व सराहा। यह चित्ताकर्षक प्रतिमा दिल्ली के गांधी स्मृति गार्डन के बाहर राजघाट चौराहे पर स्थापित की गई है, जिसका अनावरण कुछ दिनों पहले राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। साथ ही राष्ट्रपति ने आर्टिस्ट मुकेश प्रजापति का नाम लेकर उनकी कला और हस्तलाघवता की तारीफ की थी। इसके अलावा राष्ट्रपति ने आर्टिस्ट मुकेश प्रजापति को दिल्ली में मिलने को कहा था। देश-दुनिया के मकबूल आर्टिस्ट रहे पद्मश्री अर्जुन प्रजापति के हुनरमंद बेटे मुकेश अर्जुन प्रजापति ने महात्मा गांधी की यह प्रतिमा ब्रांज में बनाई है। साढ़े 11 फीट ऊंचाई, 9 फीट चौड़ाई और 6 फीट मोटाई की इस प्रतिमा को पहले क्ले में बनाया गया। फिर पीओपी के बाद फाइबर डाई में ढाला गया। इसके बाद इस प्रतिमा को ब्रांज में चित्ताकर्षक रूप दिया गया। आर्टिस्ट मुकेश अर्जुन प्रजापति ने कहा कि स्व. पिता अर्जुन प्रजापति के आशीर्वाद से ही इस प्रतिमा को सराहा जा रहा है।



## गोविन्द देवजी की झांकी बच्चों को दिए उपहार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर से शोभा यात्रा बहुत धूमधाम से निकाली गई। संजय गुप्ता द्वारा बताया गया कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव की शोभायात्रा में श्री अकुर्जी महाराज के वंशज वार्ष्णेय समाज द्वारा छोटे बच्चों को राधा कृष्ण स्वरूप झांकी निकल गई। शोभायात्रा में वार्ष्णेय समाज द्वारा बच्चों को उपहार, फल, प्रसाद, पुष्प वर्षा और सुंदर नृत्य के साथ श्री गोपीनाथ जी मंदिर पर समापन किया गया।

## राज्य मंत्री अरोड़ा ने किया लोटस हाई टेक के कर्मचारियों का सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** लोटस हाई टेक इंडस्ट्रीज़ की भटेवर स्थित नई प्रोडक्शन यूनिट पर कल कर्मचारी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लघु उद्योग राज्य मंत्री एवं आर.ई.पी.सी. के चेयरमैन राजीव अरोड़ा, फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने जिन कर्मचारियों का गत वर्ष 2022-23 में मुख्य योगदान रहा। एडवाइजर संजय गोयल, ख्याली शर्मा, जनरल मैनेजर भानुप्रिया जैन, नेहा जैन, गरिमा नंदवाना, दीपक शर्मा, पंकज शर्मा, रोहित शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अजय सिंह, महेंद्र सिंह, कैलाश मीणा, वालूराम डांगी का सर्टिफिकेट दे कर सम्मान किया। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कर्मचारियों को बधाई दी और कहा की एक कंपनी की सफलता के पीछे उसके कर्मचारियों का हाथ होता हैं वही कंपनी के साथ सबकी उन्नति होती हैं। राज्य मंत्री राजीव अरोड़ा ने देश की आर्थिक मजबूती में निर्यात का महत्व बताया और कैसे निर्यात जाए इस पर जानकारी दी। फोर्टी चीफ सेक्रेटरी नरेश सिंघल ने कंपनी की ग्रोथ के के लिए 5पी प्रोडक्ट, पॉलसी, पीपल, प्राइस, और प्रमोशन का मंत्र दिया। फोर्टी वुमन विंग की जनरल सेक्रेटरी ललिता कुच्चल ने महिला कर्मचारियों की तुलना रीढ़ की हड्डी से करते हुए संगठन में उनका महत्व बताया।

कार्यक्रम में जिला उद्योग अधिकारी भगवान दास, फोर्टी उदयपुर अध्यक्ष मनीष भाणावत व शहर के कई मुख्य उद्यमी इन्द्र कुमार सुथार, आनंद शर्मा, निर्मल जांगिड़, विनोद पानेरी एवं आदि उपस्थित रहें। लोटस हाई टेक के संस्थापक प्रवीण सुथार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

जयपुर सीरियल ब्लास्ट में जिंदा बम मिलने का मामला

## आरोपियों की मांग खारिज, केस बंद नहीं होगा

**एटीएस के गवाहों को बुलाने का प्रार्थना पत्र मंजूर**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** करीब 15 साल पहले जयपुर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान एक जिंदा बम मिलने के मामले में आज कोर्ट ने आदेश दिए। बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत ने एटीएस के दोनों प्रार्थना पत्र मंजूर किए, जबकि आरोपियों के प्रार्थना पत्र को किया खारिज कर दिया। एटीएस ने तत्कालीन एडीजी एके जैन और मीडियाकर्मी प्रशांत टंडन को बतौर गवाह बुलाने और सप्लीमेंट्री चार्जशीट को रिकॉर्ड पर लेने का प्रार्थना पत्र लगाया था। इसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। वहीं, आरोपियों की ओर से प्रार्थना पत्र पेश करके कहा गया था कि उन्हें सीरियल ब्लास्ट से जुड़े 8 मामलों में हाईकोर्ट बरी किया जा चुका है।

## पक्षियों के लिए जरूर बाधे परिंडा ताकि मिल सके दाना पानी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जैसे-जैसे दिन का पारा चढ़ता है पक्षियों के लिए दाना पानी ढूंढ पाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कई बेजुबा पक्षीयो को दाना पानी नहीं मिलने की वजह से उनकी मौत भी हो जाती है। आजकल की इस भाग दौड़ की दुनिया में किसी के पास भी बेजुबा पक्षियों के लिए समय नहीं है। इसी चीज को देखते हुए सनराइज सिटी निवारू रोड बिल्डिंग नंबर 1 से 6 के सामने कुछ परिंडे बांधे गए। ललित शर्मा ने बताया हम समय-समय पर इन परिंडो की देखभाल करते रहेंगे ताकि इनमें दाना पानी पर्याप्त मात्रा में रहे राहत आदिशक्ति फाउंडेशन के फाउंडर संदीप पारीक, एडवोकेट कृष्ण कुमार यादव, ज्योति प्रकाश यादव, ललित शर्मा, राहुल शर्मा सभी लोगों ने संकल्प लिया कि हम इसी प्रकार से आगे भी परिंडे लगाते रहेंगे ताकि बेजुबा पक्षियों को समय-समय पर दाना पानी मिलता रहे।

**एसी लगवादे...सॉन्ग का प्रमोशनल इवेंट**

## हीरो का बेटा हीरो ही बनेगा यह कोई बात हुई -गौतम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** बिग बोस फेम एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने कहा कि वे बॉलीवुड इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को अच्छा नहीं मानती हैं। इससे नए कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिलता है। हीरो का बेटा हीरो ही बनेगा यह जरूरी तो नहीं, लेकिन बॉलीवुड में ऐसा ही सबकुछ चल रहा है। मशहूर रियलिटी टीवी शो बिग बोस-16 फेम एक्ट्रेस अर्चना शनिवार को वैशाली नगर स्थित सीज्जलिन सीजर्स पर वीडियो एलबम एसी लगवादे...सॉन्ग के प्रमोशन के सिलसिले में मीडिया से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि कि यहां राजनीति में काफी सुधार करने की जरूरत है। यहां बेरोजगारों की उम्मीदों पर हमेशा पानी फिरता है। इसके मद्देनजर उन्होंने प्रियंका गांधी के टिकट दिए जाने पर विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वे चुनाव हार गई थीं। फिलहाल वे वेबसीरीज और कई अन्य प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। अर्चना ने कहा कि एसी लगवादे...सॉन्ग में हरियाणवी अंदाज में एक बहू की पारिवारिक मुश्किलों को दर्शाया गया है, जिसमें बहू अपनी सास और घरवालों से मांग करती है कि कि रसोई में एसी लगवादें ताकि वे तेज गर्मी में अपना काम अच्छे से कर सके। यह हरियाणवी गाना विभिन्न स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों पर 2 मिलियन व्यूज हासिल कर चुका है। यह गाना कविता शोबू की आवाज में है। यह गाना 2 सितंबर को रिलीज हो चुका है।

जिले में अब तक 2 लाख 32 हजार किसानों ने पूरी की ई-केवाईसी की प्रक्रिया

## किसान सम्मान निधि के लिए 30 सितंबर तक ई-केवाईसी जरूरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** किसान सम्मान निधि के लाभांवित किसानों को आगामी 30 सितंबर, 2023 तक ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। तय तिथि तक ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले किसानों की पात्रता समाप्त हो जाएगी।

**चार बार बढ़ाई जा चुकी है ई-केवाईसी अंतिम तिथि**

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि किसान सम्मान निधि में किसानों की पात्रता जांच के लिए प्रत्येक खाते की ई-केवाईसी करवाना जरूरी है। योजना के तहत अपात्र किसानों की छंटनी के लिए एक साल पहले दिसंबर 2022 में ई-केवाईसी की अनिवार्यता लागू की थी। इसके लिए किसानों को 31 मार्च 2023 तक तीन माह का समय दिया था। कलक्टर ने बताया कि जिले में 3 लाख 56 हजार 949 किसान योजना में पात्र हैं। जिनमें से 2 लाख 32 हजार 959 ने ही अभी तक ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की है। जबकि 87 हजार 97 किसानों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है। उन्होंने बताया कि विगत नौ माह में 30 सितंबर तक चौथी बार अंतिम तिथि बढ़ाई जा चुकी है। इससे पहले 31 मार्च, 30 मई और 31 जुलाई तक बार-बार अंतिम तिथि बढ़ाकर मौका दिया जा चुका है।

**ई-केवाईसी नहीं करवाने पर अटकी सम्मान निधि**

किसान सम्मान निधि योजना की जिला नोडल अधिकारी अलका विश्नोई ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले जिले के 87 हजार 97 किसानों के 14वीं किस्त का भुगतान रुका हुआ है। क्योंकि एक साल में योजना की तीन अलग-अलग किस्त 2-2 हजार रुपये यानी 6 हजार रुपये की सहायता राशि जारी की जाती है।

## जागरूक खबरें

### एम्स में बैड पर ही हो सकेगी सिटी स्कैन

**जोधपुर @ जागरूक जनता.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS ) जोधपुर में मोबाइल सिटी स्कैन की सुविधा शुरू हो गई है यानी गंभीर मरीजों को सिटी स्कैन कक्ष में जाने की बजाय उनकी बैड पर ही सिटी स्कैन की जा सकेगी। एम्स प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल है जहां बैड साइड पर सिटी स्कैन की सुविधा शुरू की गई है। AIIMS Jodhpur में न्यूरोसर्जरी आईसीयू/ओटी कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ माधबानंद कर ने नए मोबाइल सीटी स्कैनर का उद्घाटन किया। यह आईसीयू (न्यूरोसर्जरी और न्यूरोलॉजी दोनों) और न्यूरोसर्जरी ओटी के मरीजों के बैडसाइड सीटी स्कैन करने में मदद करेगा।

**जिला आबकारी अधिकारी के जांच के आदेश हवा, सीआई रवींद्र पाल एक सप्ताह में भी नहीं कर पाये जाँच..!**

# एसीबी दिखाए गम्भीरता तो, खुल सकते हैं मेहरबानी के रहस्य?

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिण्डवाड़ा।** जिला आबकारी अधिकारी दिनेश गहलोत ने करीब एक सप्ताह पहलें स्वरूपगंज कस्बें में भावरी पुलिये के पास गोदाम की आड़ में अवैध शराब की ब्रांचे चल रहीं थी। उस पर आबकारी सीआई रविन्द्र पाल सिंह को जांच करके कार्रवाई के निर्देश दिये थे। परंतु एक सप्ताह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी न तो सीआई रवींद्र पाल ने अभीतक कोई जांच कि और नहीं कोई कार्यवाही ऐसे में सीआई की कार्यशैली व भूमिका पर गम्भीर सवाल उठना भी वाजिब है।

### ठेकेदार उडा रहें जमकर धज्जियां!

जिला आबकारी विभाग के सरकारी कारिंदों कि मिलीभगत से ज़िले में अवैध शराब के गोदाम मानों बियर बार बन चुके है। गोदाम कि आड़ में शराब की दुकान चलाने वाले शराब व्यवसायियों को न तो किसी विभागीय कार्रवाई का डर है और न ही किसी कानूनी कार्रवाई

**सीआई सिंह की कार्यशैली गम्भीर सवालों के दायरे में**

अवैध शराब की ब्रांच बनाकर चलाने वालों के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी के कार्रवाई के निर्देश के बाद सीआई रवींद्र पाल सिंह ने तय समय मे न तो कोई जाँच की और नहीं कोई कार्रवाई। जो उनकी कार्यशैली व भूमिका पर गम्भीर प्रश्न वाचक चिन्ह लगा रहा है..? यदि सीआई अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान होते तो त्वरित अवैध ब्रांच जो गोदाम की आड़ में चल रहीं हैं। उसपर कार्रवाई करते परन्तु सबकुछ जानकर आँखें मूंदकर यह सब देखना कई सवाल उठा रहा है..? आखिर इस मेहरबानी के पीछे क्या रहस्य..? सीआई द्वारा अभीतक कार्रवाई न करने के पीछे क्या राज..? क्या सीआई की शराब ठेकेदारों से कोई बड़ी सेटिंग तो नही..? यदि नहीं तो फिर क्यो नही करते कार्रवाई..? भला बिना आपसी साठगाँठ व पनाह या मेहरबानी के बिना यह सब कैसे सम्भव भी हो सकता है.?

वैध गोदाम को

का। दरअसल स्वरूपगंज कस्बे के भावरी पुलिये के पास विभाग द्वारा शराब का गोदाम स्वीकृत किया गया है। जिसमे शराब का स्टॉक रखा जा सकता है, परंतु आबकारी विभाग की आपसी साठगाँठ कहें या मिलीभगत उन गोदाम को ही अवैध शराब कि ब्रांच बना डाला। यह सब जिम्मेदारो को पता नही हो यह शायद ही किसी के जहन में उतरे।

### एसीबी दिखाए गम्भीरता, खुल सकती है परतें!

जिस प्रकार प्रदेशभर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई करके भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का प्रयास किया जा रहा। उससे रिश्वतखोरों में हड़कंप मचा हुआ है। यदि एसीबी एक नजर सिरोही ज़िले में दौड़ाकर इस मेहरबानी व रहस्यों की जांच करें तो कई राज खुल सकते हैं। परंतु सिरोही में एसीबी की मेहरबानी भी कई सवाल खड़े कर रहीं हैं।

### मिलीभगत के बिना कैसे संभव....?

स्वरूपगंज कस्बे के भावरी पुलिये सहित सिरोही जिले में अनेकों जगह पर गोदाम की आड़ में अवैध शराब की ब्रांचे चल रहीं हैं। ऐसे में यह सब जिला आबकारी विभाग की मिलीभगत के बिना भला कैसे सम्भव हो सकता है..? सवाल यह भी उठता है कि क्या जिम्मेदार सरकार का राजस्व बढ़ा रहें हैं या इस अवैध कृत्य को पनाह देकर खुद का राजस्व बढ़ा रहें हैं ..! यह भी सोचनीय विषय है..? क्योंकि बिना भारी भरकर मंथली के खेल के बिना यह सम्भव नही हो सकता..? ओर यह भी बात शायद ही किसी के जहन में उतरे की जिम्मेदारों को पता न हो, यह सबकुछ उनके आँखों के सामने चल रहा है फिर उनका मूकदर्शक होकर देखना उनकी कार्यशैली व भूमिका पर गम्भीर सवालियां निशाना खड़ा कर रहा है..?

**गोदाम** की आड़ में चल रहीं अवैध शराब की ब्रान्चो कि जांच के आदेश आबकारी सीआई रवींद्र पाल को दिये है नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।
**- दिनेश गहलोत** जिला आबकारी अधिकारी सिरोही

**जिला** आबकारी अधिकारी ने जाँच के आदेश दिये हैं, में फिलहाल कई बाहर आया हूं, देखकर बताता हूं।
**-रवींद्र पाल सिंह** सीआई आबकारी सिरोही

## आदित्य स्कूल के 29 विद्यार्थियों का ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा सम्मान



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीलवाडा।** बापूनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय आदित्य विद्या विहार में 15 अगस्त को 29 विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता को ग्लोबल रिकॉर्ड व रिसर्च फाउंडेशन द्वारा फेसबुक लाइव द्वारा देखा गया था। सभी विद्यार्थियों ने अपने अपने क्लास के स्तर के अनुसार देशभक्ति चित्र बनाएं व उसमे तिरंगे झंडे के कलर भरे। ग्लोबल रिकॉर्ड व रिसर्च फाउंडेशन व आदित्य विद्या विहार के संयुक्त तत्वाधान में हुए इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को बेहतर करना व उन्हें देश के प्रति उनके कर्तव्यों का निर्वहन करना सीखाना था।

गत सप्ताह ग्लोबल रिकॉर्ड व रिसर्च फाउंडेशन द्वारा स्कूल की प्रधानाध्यापिका मधु मोदी को व 29 बच्चों का सम्मान किया गया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा बनायीं गई रचनात्मक कृतियों को देखकर सभी का उत्साह देखता बना।

## हिन्दुस्तान जिंक द्वारा आयोजित नेत्र जॉच शिविर में 107 ट्रक ड्राईवर लाभान्वित



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** हिन्दुस्तान जिंक अपने कर्मचारियों एवं बिजनेस पार्टनर से जुडे कर्मियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य हेतु प्रतिबद्ध है, इस हेतु समय समय पर जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यकम आयोजित किये जाते है। इसी क्रम में चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर द्वारा स्वयं सेवी संस्था उन्नति के सहयोग से एक दिवसीय नेत्र जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं टीम ने संयंत्र में आने वाले 107 ट्रक ड्राइवरों तथा ऑपरेटर के नेत्रों की रेटीना स्कोप, स्लीट लेंप, एवं ओप्थेल्मिक चेयर यूनिट से जॉच की एवं आवश्यकता अनुरूप निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया। इस अवसर पर उन्नति की ओर से चंदन जैन, संदीप कुमार , अब्दुल रशिद एवं भैरूलाल माली उपस्थित थे। चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के लॉजिस्टीक विभाग द्वारा आयोजित इस कैम्प में लोकेशन हेड कमोद सिंह, लोकेशन एचआर हेड अनूप कुमार ने टीम उन्नति का आभार प्रकट किया। लॉजीस्टिक विभाग से अंजलि , हितांक्षा , हर्षवर्धन ,दीपक एवं सेंट्रल लॉजिस्टिक्स टीम ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभायी।

**मंत्री सुखराम बिश्नोई ने वेडिया में दी सौगात, विद्युत सब स्टेशन का किया लोकार्पण**

## लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सांचोर।** जिले के वेड़िया गांव में नव निर्मित जीएसएस का श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई ने फ़ीता काटकर लोकार्पण किया। क्षेत्र के किसान और लोगों को अब बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। 3 करोड़ की राशि से निर्माण कार्य हुआ,जिसमे भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। गांधव - बाखासर मुख्य सड़क पर स्तिथ वेडिया पिछले कुछ सालों से व्यापारिक दृष्टि से विकसित हुआ है व कस्बे का रूप ले रहा है। पहले ये डूंगरी जीएसएस पर जुड़ा था जिस पर ज्यादा लोड था जिसके चलते वेडिया में बिजली कटौती की बड़ी समस्या थी लेकिन अब अलग जीएसएस के शुरू हो जाने से इस समस्या का समाधान हो जाएगा व डूंगरी जीएसएस पर भी सप्लाई बाधित नही होगी जिसमे वेडिया, आरवा, आरवा फांटा, जानीपुरा का क्षेत्र जुड़ेगा और 11 केवी का कार्य बाकी जो पूरा होते ही रायपुरिया और भीमगुड़ा का कुछ और जुड़ेगा। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के गांवों में बिजली कटौती से परेशान किसानों को राहत देने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। दूर दराज गांवों और ढाणियों में विद्युत समस्या से निजात मिलेगी। जीएसएस निर्माण से क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त वॉल्टेज के साथ विद्युत आपूर्ति हो सकेगी तथा आए दिन हो रही विद्युत समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा। इसके तहत आकोली जीएसएस का लोकार्पण किया गया हैं. साथ ही अब इस जीएसएस से जुड़े गांवों के किसानों को आगे रबी की सीजन में बिजली कटौती का सारनाम नहीं करना पड़ेगा। ये वेडिया जीएसएस सन 2013 में कॉंग्रेस सरकार में स्वीकृत हुआ था परंतु सत्ता परिवर्तन होते ही भाजपा सरकार ने इसको दुर्भावनावश ठंडे बस्ते में डाल दिया, स्थानीय जनता इस जीएसएस की मांग पूर्ववर्ती सरकार में लगातार उठाती रही आखिरकार मौजूदा कांग्रेस सरकार के बनते ही इसे पुनः स्वीकृत कर समयबद्ध शुरू करवाया जिससे अब आमजन, खासकर व्यापारी, किसान भाइयों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

जीएसएस की भूमि हेतु इस गांव के दो ग्रामीण भामाशाह बनकर आगे आये दानदाता टीकमाराम पुत्र भारमल जी लुखा और मेसाराम पुत्र कालूराम जी देवासी ने 1- 1 सरकारी बीघा भूमि दान की गई। इन भामाशाओ का में दिल की गहराई से आभार प्रकट करता हूं।

## 'बालवाटिका' के विशेषांक का लोकार्पण



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** 'बालवाटिका' मासिक के बालसाहित्य पुरोधाओं पर केंद्रित विशेषांकों की श्रृंखला में प्रकाशित सितंबर अंक देश के प्रख्यात एवं वरिष्ठतम बालसाहित्य रचनाकार गिलूंड (राजसमंद) राजस्थान, निवासी जगदीशचंद्र शर्मा पर केंद्रित है। इसका लोकार्पण उनके निवास पर अंचल के साहित्यकारों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कथाकार माधव नागदा रहे। मुख्य अतिथि बालसाहित्य लेखक शिव मृदुल थे। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. भैरूंलाल गर्ग ने कहा कि जगदीशचंद्र शर्मा ने जीवनभर मूल्यपरक बालसाहित्य सर्जन को समर्पित रह कर जो बालसाहित्य सेवा की है वह अप्रतिम है, लेकिन ऐसे श्रेष्ठ रचनाकार को अपेक्षित पहचान और सम्मान नहीं मिला है, यह विचारणीय है। कार्यक्रम में अनेक साहित्यकार उपस्थित थे।

## मतदान जागरूकता के लिए दिलाई शपथ



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** मत्स्य विभाग, मत्स्य भवन कार्यालय में मत्स्य विभाग के समस्त अधिकारियों /कर्मचारियों को मतदान जागरूकता हेतु धर्मेष सोडाणी, उप निदेशक मत्स्य द्वारा शपथ दिलाई गई एवं लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने एवं लोगों को मतदान करवाने के लिए प्रेरित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही देवी सिंह सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा मतदान करने के महत्व की जानकारी दी गयी।

## नेशनल बी किपिंग एण्ड हनी मिशन अन्तर्गत सेमीनार आयोजित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** नेशनल बी किपिंग एण्ड हनी मिशन मिनी मिशन प्रथम अन्तर्गत जिला स्तरीय सेमीनार 'वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन' विषय पर कान्हा रिर्सोट, पुराना औद्योगिक एरिया, बाई पास, कीरखेडा पट्रोल पम्प चित्तौडगढ, पर आयोजन किया जा रहा है। सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ केएन ओझा, सेवानिवृत प्रोफेसर एपीकल्चर, कोटा कृषि विष्वविद्यालय ने वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन एवं प्रबंधन, शहदः गुणवत्ता पैरामीटर, प्रसंस्करण, परिरक्षण, प्रामाणिकता और मिलावट उपस्थित कृषकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. प्रकाश चन्द्र खटीक, सहायक निदेशक उद्यान ने मीठी क्रांती केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाये के बारे में जानकारी प्रदान की। जोगेन्द्र सिंह राणावत, कृषि अधिकारी उद्यान ने भी विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिये उपस्थित कृषकों को अपील की गई। डॉ. विमल सिंह राजपूत, कृषि अधिकारी उद्यान ने भी विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सेमीनार में अंशु चौधरी, कृषि अधिकारी, नोविना शेखावत सहायक कृषि अधिकारी, गोपाल लाल शर्मा सहायक कृषि अधिकारी उद्यान, सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक तथा कृषकों सहित कुल 210 प्रतिभागीयों ने भाग लिया।

## अग्रवाल समाज चौमू के राजेंद्र अग्रवाल-अध्यक्ष व राजेश अग्रवाल-महामंत्री बने

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमू।** अग्रवाल समाज चौमू की सामुहिक मीटिंग में समाज बंधुओ द्वारा सर्वसम्मति से राजेंद्र अग्रवाल (छेलकड़ी वालो) को अध्यक्ष व राजेश अग्रवाल (लोहरवाड़ा वालों) को महामंत्री नियुक्त किया है।

अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश धमोड़ ने बताया की विगत कई वर्षो से राजेंद्र अग्रवाल-महामंत्री व राजेश अग्रवाल-युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाले हुए है, जो इन्होंने बखूबी निभाई है और इसी के चलते समाज से सर्वसम्मानीय व्यक्तियों द्वारा दोनो पूर्व पधाधिकारियो को समाज के कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए एक नई जिम्मेदारी सौंपी है। इनके अलावा समाज के सभी पूर्व अध्यक्षों को संरक्षक, श्याम बिहारी सर्राफ को व्यवस्थापक व राजू जी (चतरपुरा वालों) को सह व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपरोक्त दोनों पधाधिकारी आने वाले कुछ दिनों में अपनी कार्यकारणी का विस्तार करेंगे। नवीन कार्यकारणी अग्रवाल युवा मंडल, महिला मंडल, महिला युवा मंडल आदि रहने की संभावना है। समाज अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल व महामंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि वह लोग हमेशा समाज के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेंगे और निश्चित तौर पर अग्रवाल समाज एक नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। समाज की मीटिंग में पूर्व अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश धमोद, कमलेश मोदी, सुरेश गोयल, श्याम बिहारी सर्राफ, राजू चतरपुरा वाले, हरि कामदार, राकेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल अनंतपुरा वाले, गिरधारी गोयल, मनीष गोयल, संदीप मोदी, घनश्याम बिरला, विष्णु मोदी, महेश बजाज, शंकर जिंदल, प्रवीण अग्रवाल, गोपी अग्रवाल मैनेजर, रामअवतार पटवारी, कृष्ण कुमार धमोड, रमाकांत मोदी आदि उपस्थित रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेला 18 से, तैयारियां जोरों पर

**सवाईमाधोपुर @ जागरूक जनता।** रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेले की तैयारियां जोरों से चल रही है। जिला प्रशासन के सहयोग से मंदिर ट्रस्ट अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। त्रिनेत्र गणेश मंदिर ट्रस्ट के मंहत संजय दाधीच ने बताया कि इस बार त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेले 18 से 20 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। मेले के दौरान ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर की साफ-सफाई, बैरिकेटिंग, अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी कैमरों से नजर, गणेश मंदिर से लेकर जोगी महल गेट तक लाइट व्यवस्था, माइक व्यवस्था, पदमा तालाब और रानी तालाब में गोताखोरो की व्यवस्था, मेला मस्जिट्रेट कैंप व मेला पुलिस कैंप में फर्नीचर व टेंट की टेंट व्यवस्था, कर्मचारियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था सम्बन्धि तैयारियां पूरी कर ली गई है। तीन दिवसीय मेले में करीब 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

**ANCHOR** | **क्राइम-ए-सूरत**

# आबूरोड़ पुलिस की नाक के नीचे चल रहा डिब्बा ट्रेडिंग जुआरियो का खेल!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही @ तुषार पुरोहित।** ज़िले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नकेल को लेकर पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी गम्भीर है। परन्तु स्थानीय आबूरोड़ सिटी पुलिस उच्च अधिकारियों के आखों में धूल झांकने का काम कर रहीं हैं। और उनकी छवि को भी धूमिल करने से बाज नहीं आ रहीं। थानों में वर्षों से बैठे कुछ कार्मिको की कार्यशैली भी सवालों के दायरे में है..? आबूरोड सिटी थाना क्षेत्र में कई नामी व्यक्ति जुए का खुला खेल चला रहें हैं। जिनका क्राइम रिकॉर्ड पुलिस से छुपा नहीं है। क्योंकि वो व्यक्ति पूर्व में कई बार जुआ खेलते पकड़े जा चुके है। परन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा जांच के नाम पर खानापूर्ति व मेहरबानी के चलते उन नामी व्यक्तियों के हौसले बुलन्द है। इस बुलंद हौसले की एक वजह आपसी साठगाँठ या पनाह भी हो सकती है.....?

### जुआरियों ने कई परिवार किये तबाह

**क्षेत्र** के भोले भाले युवाओं को तुच्छ लालच देकर यह गिरोह उनको अपने झांसे में फसा लेता है। और उसके बाद युवा इस तरह इस खेल में इतनी बुरी तरह उलझ जाते हैं। की चाहकर भी बाहर नहीं निकल पाते। यहा तक कि घर और अचल सम्पति बेचने की नोबत तक आ जाती है। ऐसे कई युवा इस गिरोह के चक्कर मे फंसकर तबाह हो चुके



हैं और कई तबाह होने की कगार पर है। परन्तु जिम्मेदार स्थानीय पुलिस के सरकारी कारिंदे उन डिब्बा ट्रेडिंग जुआरियो पर पूरी तरह मेहरबान है। जो उनकी भूमिका और कार्यशैली पर गम्भीर सवालियां निशान खड़े कर रहा है।

### अपना रहें हैं यह नवीन तकनीक

**सूत्रों** से मिली महत्वपूर्ण सूचना के अनुसार जुए के धंधे से जुड़े लोग अब आधुनिक तकनीक के तहत मोबाईल व इंटरनेट के माध्यम से जुआ खेलने का कृत्य कर रहें हैं। जिसके तहत उन्हें मोबाईल में एक एप्लीकेशन दी जाती है। ओर उसकी लिमिट तय कर दी जाती, फिर उस मोबाईल से वो यह डिब्बा ट्रेडिंग यानी जुए का खेल खेलते रहते हैं। प्रतिदिन लाखों रुपये का लेनदेन ऑनलाइन जुआ खेलने वाले कर रहे हैं। यह सब स्थानीय पुलिस को पता न हो यह बात शायद ही किसी के जहन में उतरें..? ऐसे में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठना भी वाज़िब है। सूत्र दावा करते हैं कि इनके तार

**शेयर बाजार की तर्ज पर ज़िले में फैला डिब्बा ट्रेडिंग जुआ, कई परिवार तबाह**

**जानकार** सूत्रों के हवाले से मिली सूचना के अनुसार आबूरोड़ शहर में शेयर बाजार की आड़ में डिब्बा ट्रेडिंग जमकर चल रहा है। गौरतलब है कि शेयर बाजार में काम करने वाले के लिये डिमैट खाता खोला जाता है। साथ ही कोई भी ट्रेंड करने के लिये दस प्रतिशत मार्जिन भरना पड़ता है। जो की हर किसी के बस की बात नहीं है। ज्ञात रहे डिब्बा ट्रेडिंग वाले बिना कोई मार्जिन भरे शेयर मार्केटिंग व एमसीएक्स में भी बिना मार्जिन के आम लोगों के सौदे तय करते हैं। इस धंधे को चलाने वाले गिरोह ने कई लोगो के घरों, व जमीनों, और प्लाट तक की रजिस्ट्रियां अपने नाम करवा चुके हैं। भोले भाले युवाओ को आगोश में फंसाकर सौदे करते हैं। जब वे हार जाते हैं पैसे चुकाने के लिये सक्षम नहीं होते तो जबरजस्ती उनसे पैसे वसूल किये जाते हैं। जानकार सूत्र बताते हैं पूरे खेल का सप्ताह में एक दिन यानी शनिवार को हिसाब किताब होता है। जिसमे अधिकांश बार डिब्बा ट्रेडिंग के मालिक ही विजय होते हैं। जिससे बेचारे भोले भाले लोग इसमे फंस जाते हैं और सौदे पर सौदे करते जाते हैं। इस तरह यह पूरा खेल चल रहा परन्तु कार्रवाई के नाम पर पुलिस का रवैया कई सवाल खड़े कर रहा है।

भीलमाल ओर अन्य जगहों से जुड़े हुए हैं। यदि पुलिस ईमानदारी से जाँच पड़ताल करें तो कई परिवार तबाह होने से बच सकते हैं। जिसकी दुआ भी पुलिस को मिलेगी।

### सरकार के लाखों रुपये की टैक्स चोरी की आशंका है

**भारतीय** प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से टैक्स चोरी, बिक्री कर (सेल्स टैक्स ) की चोरी और आयकर चोरी की आशंका है..! जबकि पूर्व में पुलिस द्वारा डिब्बा ट्रेडिंग के मार्केट चलाने वालों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। यदि उनसे सघन पूछताछ करके जाँच पड़ताल की होती तो कई रहस्य खुल सकते थे। परन्तु अन्य जांच एजेंसियों द्वारा कोई एक्शन नही लेने से एक बार फिर क्षेत्र में यह अवैध धंधा पनप चुका है, और गहरी जड़े जमाने मे भी मानो सफल हो गया है।

**पूरे** प्रकरण को जाँच करके उचित कार्रवाई की जायेगी। जुआरियो द्वारा नवीन तकनीकी से जुआ खेला जा रहा उस पर भी ठोस कार्रवाई जल्द होगी।
**-बलभद्र सिंह,** थानाधिकारी आबूरोड शहर

**हमारे** थानाक्षेत्र में बिल्कुल इस तरह की गतिविधियों को बर्दाश्त नही किया जायेगा। यदि ऐसा कृत्य करते कोई पाया गया तो समुचित जांच करवाकर ठोस कार्रवाई अवश्य की जायेगी।
**- प्रवीण आचार्य** थानाधिकारी आबूरोड सदर

**यदि** हमारे थानाक्षेत्र में ऐसी कोई सूचना मिली तो अवश्य प्रभावी नकेल कसी जायेगी।
**-सुरेश चौधरी** थानाधिकारी आबूरोड़ रीको थाना

## कृष्ण जन्माष्टमी पर गायों को खिलाया चारा, बच्चों को पहनाई चप्पलें



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चाकसू।** अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू के सदस्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी की खुशी में ''कामधेनू गौशाला'' चाकसू में गौमाताओं को हरा चारा खिलाया गया। अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू द्वारा विभिन्न स्थानों पर झोपड़ पट्टी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को ''स्लीपर'' निःशुल्क वितरित किये गये। अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू की सचिव कृष्णा शर्मा ने बताया की संस्थान द्वारा प्रतिमाह गौमाताओं को हरा चारा खिलाया जाता है। इस अवसर पर सचिव कृष्णा शर्मा, दीपक शर्मा एडवोकेट, गणेश शर्मा, याचना शर्मा एवं गौशाला के महामंत्री एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23


## जागरूक खबरें

### 'आयुष्मान भव:' अभियान 17 से

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता.** पीएम के जन्मदिन पर 17 सितंबर से देशव्यापी 'आयुष्मान भव:' अभियान चलाया जाएगा। एक पखवाड़े के अभियान के दौरान आयुष्मान मेला लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि मेले में 60,000 लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड दिए जाएंगे। मेला देशभर के 1.17 लाख से ज्यादा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लगाया जाएगा। इसमें गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का उपचार भी होगा।

ईआरसीपी

### कांग्रेस निकालेगी 13 जिलों में यात्रा

**जयपुर @ जागरूक जनता.** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ईआरसीपी को बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने जा रही है। इसके लिए कांग्रेस इसी माह 13 जिलों में पांच दिन की यात्रा निकालेगी। यात्रा में जनता को बताया जाएगा कि केंद्र सरकार ईआरसीपी को जानबूझकर अटका रही है। वहीं हर विधानसभा क्षेत्र में गहलोत सरकार की योजनाओं को लेकर लाभार्थी सम्मेलन भी होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस की कैंपेन कमेटी की बैठक के बाद यह जानकारी दी।


### आसाराम की जमानत याचिका की सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पिछले 10 साल से जोधपुर की सेंट्रल जेल में बंद आसाराम की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (12 सितंबर) को आसाराम की जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि सजा के निलंबन के लिए आसाराम हाईकोर्ट जा सकता है। आसाराम लोअर कोर्ट से लेकर राजस्थान हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट में अब तक 16 बार जमानत के लिए प्रयास कर चुका है। उसे सिर्फ फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट प्रकरण में ही एक बार जमानत मिली है।

### बीजेपी नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने चीन से तनाव के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जाने का किया फैसला

# चीन ने लद्दाख की 4,067 वर्ग किमी जमीन हड़प ली और पीएम मोदी...



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता सुब्रमण्यन स्वामी अब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। यह ऐलान करते हुए स्वामी ने फिर दावा किया कि चीन ने लद्दाख की 4,067 वर्ग किमी जमीन हड़प लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि मोदी सरकार, चीन पर सच्चाई बताए, इसके लिए वो अदालत का सहारा लेंगे। स्वामी के इस पोस्ट पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कोई उनका समर्थन कर रहा है तो कोई उनके फैसले की निंदा कर रह रहा है। बीते तीन वर्षों से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच तनाव है। चीनी सैनिकों ने एलएसी पार करके भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सैनिकों ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। उसके बाद गलवान घाटी में दोनों सैनिकों के बीच खूनी झड़प हुई थी।

#### स्वामी का सीधे पीएम मोदी पर अटैक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन घटनाओं पर कहा था कि चीनी सैनिक भारत की सीमा में नहीं आए थे। इसी बात के आधार पर उन्हीं की पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'चीनियों ने लद्दाख में 4,067 वर्ग किलो मीटर जमीन हड़प ली तो भी क्या मोदी यही रट लगाएंगे कोई आया नहीं? मैं (सुब्रयमण्यन स्वामी) संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत सुप्रीम कोर्ट का रुख करूंगा ताकि मोदी सरकार यह सच्चाई बताए कि मोदी ने कैसे चीन के सामने सरेंडर कर दिया।'

#### स्वामी के दावे पर सोशल मीडिया पर चर्चा

स्वामी के इस पोस्ट पर राज आनंद ने स्वामी से पूछा कि वो किस आधार पर यह दावा कर रहे हैं? उन्होंने लिखा, 'लद्दाख की 4,067 स्क्वैयर किमी जमीन पर कब्जा करने की खबर का स्रोत क्या है? अगर राहुल गांधी ने आपसे यह कहा है तो शांत रहिए।' वहीं, मनराज मीणा लिखते हैं कि सच्चाई जो भी हो, देश के सामने आनी ही चाहिए। वहीं, अनुराग कनौजिया कहते हैं कि सच्चाई उजागर कीजिए। लेकिन ऋषि का कहना है कि स्वामी कुछ मजबूरियों के कारण ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'क्या मजबूरी रही होगी आपकी जो कल तक कांग्रेसियों को गाली दे रहे थे, वो आज आर्मी के बयान को नजर अंदाज करके मोदी को गाली दे रहे हैं?'

### राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड ने प्रेसवार्ता

# वादे लुभावने, इरादे कुर्सी बचाने के ये है कांग्रेस का असल चेहरा-राठौड



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के वादे और इरादे में फर्क है। यदि कांग्रेस कोई वादा भी करती है, तो उसके साथ शर्त जरूर लगाती है। कांग्रेस ने 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया तो उसके साथ शर्त लगाई कि उपभोक्ता का नाम रजिस्टर्ड होना चाहिए। फिर इन लोगों ने दिमाग लगाया कि इस मुफ्त बिजली की भरपाई कहां से करेंगे तो फ्यूल सरचार्ज लगाकर वसूली करने लगे। इसके बाद प्रदेश में 8 से 9 घंटे के पावर कट किए गए। राठौड ने कहा कि महिला सुरक्षा के नाम पर बात करें तो भीलवाडा की घटना ने प्रदेश को हैरान कर दिया जहां एक महिला का अपहरण किया गया और गैंगरेप किया गया। पुलिस ने गृहमंत्री के कहने पर पीडिता को ही झूठा बता दिया। इसके पीछे कारण यह था कि कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी राजस्थान दौरे पर आई हुई थी, जैसे ही प्रियंका गांधी वापिस गई तो पुलिस ने मान लिया कि हां गैंगरेप हुआ था। वहीं आज सूरतगढ में एक महिला का जला हुआ शव बरामद हुआ है। इसके अलावा कांग्रेस ने कोटा में रिवरफ्रंट के नाम पर हजारों करोड लगाकर उसे तैयार किया और जब उदद्घाटन की बात आई तो कांग्रेस के नेता छिपते फिर रहे हैं।

### परिवर्तन संकल्प यात्रा से डरी कांग्रेस सरकार बांट रही मुफ्त की रेवड़ियां-शेखावत



**पाली @ जागरूक जनता।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा तीन दिन पहले भीलवाड़ा में घर के बाहर खाना खाकर घूम रही महिला का अपहरण कर गैंगरेप होता है। उसको निर्वस्त्र कर छोड़ दिया जाता है, लड़की हूं, लड़ सकती हूं, का नारा देने वाली कांग्रेस की राजकुमारी आई थी। उसको कहीं लड़ना नहीं पड़ जाए, राजस्थान के वास्तविक विकास की उसको जानकारी न हो जाए, इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस ने गैंगरेप की घटना को झूठा बता दिया। शाम होते-होते हकीकत सामने आई और भीलवाड़ा की पुलिस को आधिकारिक रूप से वीडियो पर बयान जारी करना पड़ता है कि घटना सही थी। ये सरकार इस तरह से अपनी विफलताओं को छुपाने के नमूने प्रदर्शित करती आई है। भाजपा की पिछले वर्ष निकाली जनआक्रोश यात्राओं को देखकर डरी सरकार ने रेवड़ियां बांटने और फ्री की योजनाएं घोषित करने का काम शुरू किया, लेकिन जनता आक्रोशित है और सरकार बदलने का मानस बना चुकी है।

# भारत बना रहा है दुनिया की सबसे ऊंची एयरफील्ड

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** भारत दुनिया के सबसे ऊंचे लड़ाकू क्षेत्र में हवाईक्षेत्र का निर्माण करेगा। लद्दाख स्थित न्योमा इलाके में विश्व के सबसे ऊंचे लड़ाकू हवाई क्षेत्र बनाए जाने वाले इस क्षेत्र का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू के देवक ब्रिज से इस परियोजना का शिलान्यास कर रहे हैं। चीन के साथ एलएसी पर चल रही तनातनी को देखते हुए,इसका निर्माण सीमा सड़क संगठन यानी बीआरओ करेगा। न्योमा 13 हजार 700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इसकी कुल लागत 218 करोड़ रुपए आने जा रही है। यह हवाईक्षेत्र तैयार होने के बाद यहां से भारतीय वायु सेना के लड़ाकू जहान चीन का मुकाबला करने के लिए हमेशा चुस्त और तैयार रहेंगे। चीन की आंख में आंख डालकर उसकी नश्तर तक उतरने के लिए न्योमा का यह एयरबेस काफी होगा।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- »मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- »सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- »असाध्य घाव/शुगर के घाव
- »कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- »अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- »डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in






संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेला 23 से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** "स्वावलंबन की ओर भारत" इस ध्येय के साथ मानसरोवर स्थित वी.टी. रोड़ मेला ग्राउंड पर आगामी 23 से 30 सितंबर तक भव्य स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेला 2023 का आयोजन होने जा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन जयपुर चैप्टर द्वारा लगाया जाने वाला यह मेला पूर्ण रूप से अपने देश में बनी वस्तुओं तथा सेवाओं पर आधारित होगा। मेले में कला एवं हस्तशिल्प, गैर सरकारी सेवा संगठन, स्वयं सहायता समूह, कुटीर, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों द्वारा भारत में निर्मित हजारों वस्तुएँ उपलब्ध होगी। प्रदेश तथा देश के विभिन्न भागों से आए सैंकड़ों विविध स्टॉल मेले का हिस्सा होंगे। प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक गतिविधियाँ व प्रतियोगिता मेले का आकर्षण रहेंगी। मेले में गौ उत्पाद, गौधन निर्मित उपहार सामग्री, जैविक उत्पाद, हस्तकला, हथकरघा, वस्त्र, आभूषण, गलीचे, हर्बल स्वास्थ्य व सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, पॉटरी, घरेलू साज-सज्जा, फर्नीचर, खाद्य, कृषि, विविध उपकरण, इलेक्ट्रोनिक्स, तथा लघु व कुटीर उद्योग निर्मित हजारों विविध उत्पाद लाखों ग्राहकों तक पहुंचेंगे।

### बियानी कॉलेज में ऊर्जा-23 के साथ नए सत्र की शुरूआत

# शिक्षक लोगों के विचारों को बदलकर दुनिया बदलने की ताकत रखते है-बियानी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी बी.एड. कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम "ऊर्जा" के नये सेशन का आगाज नई उमंग के साथ किया गया। संस्था के निदेशक डॉ. संजय बियानी और कॉलेज की प्राचार्य डॉ. एकता पारीक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान नवागंतुकों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और उन्हे अपने कोर्स से सम्बन्धित जानकारी दी गई। संस्था के निदेशक व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. संजय बियानी ने टीचर बनने के फायदे बताते हुए कहा कि आपको अपने आप को भाग्यशाली मानना चाहिये कि हम एक ऐसे पेशे से जुडे है जो लोगो के विचारों को बदलकर दुनिया बदलने की ताकत रखते है । इसी के साथ उन्होनें सभी को कृतज्ञता की सीख देते हुए धन्यवाद कहने के लिए प्ररित किया। और उन्होंने कहा कि हमे वर्तमान में रहकर सदैव अपने कर्म करते रहना चाहिए।

कॉलेज की स्टूडेंट वेलफेयर डीन सुमेधा भाजपाई ने जीवन में टीचर के रोल की महत्ता बारे में बताते हुए कहा कि टीचर हमारे जीवन में महत्वपूर्ण होता है । टीचर को इनोवेटर होना चाहिए क्योंकि टीचर हमारी पावर को रीलीज़ करते है इसके साथ ही उन्होंने टीचर कैसे बने उसके बारे में टिप्स दी और सभी छात्राओं को अपने आप पर विश्वास रखने को बोला और कहा की जब तक आप खुद नहीं पढ़ेंगे तब तक आप बच्चों को क्या पढ़ाएंगे इसलिए टीचर को भी पढ़ना चाहिए और उन्होंने कहा की कम्युनिकेशन का अर्थ होता है सूचना का आदान-प्रदान। कम्युनिकेशन थोड़ी कठिन प्रक्रिया है। कम्युनिकेशन स्किल्स इंसान के व्यक्तित्व का अभिग अंग है, कम्युनिकेशन का मतलब है आप अपनी बात को लोगों के सामने कितने प्रभावी रूप से सामने रखते हैं। किसी व्यक्ति से आपके बात करने के तरीके को कम्युनिकेशन स्किल्स कहते हैं।

कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर सचिन बागोरिया ने बीएड की छात्राओं को इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के बारे में बताते हुए कहा की टेक्नोलॉजी ने हमारी जिंदगी को एक नया आयाम दिया है और समय बचाते हुए हर एक काम को करने में बहुत ही सहूलियत प्रदान की है। आज घर बैठे ही हम सभी काम आसानी से कर लेते है यह हमारे मोबाइल फोन और कंप्यूटर टेक्नोलॉजी की देन है।

# कपासन और सांवलियाजी में खुलेगा उप जिला अस्पताल

### 24 घंटे लोगों को मिलेगी चिकित्सा सुविधा, वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति हुई जारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** राज्य सरकार ने जिले के कपासन व सांवलियाजी में उप जिला चिकित्सालय की स्वीकृति जारी कर दी। इससे इन दोनों जगह 24 घंटे लोगों को चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गत दिनों अनगढ़बावजी एवं सांवरियाजी मैं सभा को संबोधित करने के दौरान कमांड क्षेत्र के लोगों ने 8 सितंबर को कपासन व सांवलिया जी में उप जिला अस्पताल बनाने की मांग की थी। इस समय मुख्यमंत्री गहलोत ने मंच से दोनों जगह उप जिला अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। हाल ही में राजस्थान सरकार से कपासन व सांवलिया जी में उप जिला अस्पताल बनाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति घोषणा जारी की गई। मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद सरकार ने निंबाहेड़ा उप जिला को जिला चिकित्सालय का दर्जा दिया था। बेगूं उपखंड मुख्यालय और चित्तौड़गढ़ विस के बस्सी कस्बे में भी उप जिला चिकित्सालय मंजूर हो गए थे। अब कपासन विस में एक साथ दो उप जिला चिकित्सालय होने के बाद इस दर्जे से सिर्फ बड़ीसादड़ी विस क्षेत्र ही अछूता है। विभाग ने इन दोनों के वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी। जाड़ावत ने बताया कि उप जिला चिकित्सालय स्तर से बेड, जांच सुविधा, चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ बढ़ने के साथ लोगों को 24 घंटे उपचार की सुविधा मिलने लगेगी।

### सांसद दीया कुमारी ने मावली मारवाड़ ब्रॉडगेज के निर्माणाधीन कार्य का किया अवलोकन

# बाधाएं उत्पन्न करने दो दिसंबर के बाद सब ठीक हो जाएगा

**राजसमन्द @ जागरूक जनता।** सांसद दीया कुमारी ने मावली मारवाड़ ब्रॉडगेज के निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन राजसमंद स्थित एमड़ी ग्राम के बावनकोटा पर किया। सांसद ने रेलवे के तकनीकी अधिकारियों से एलाइनमेंट व अवाप्ति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सांसद ने कहा की रेलवे अच्छी गति से कार्य को अंजाम देने की कोशिश कर रहा है लेकिन राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी कहा की प्रशासनिक अधिकारी भी राज्य सरकार के इशारे पर ही बाधाएं उत्पन्न कर रहे ताकि कार्य में विलंब हो।

सांसद दीया कुमारी ने कहा की पिछले दिनों ही पी एम मोदी ने मावली मारवाड़ ब्रॉडगेज का शिलान्यास नाथद्वारा के लाल बाग क्षेत्र में किया था। उसके बाद से रेलवे इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना को मूर्त रूप देने मैं लगे हैं लेकिन गहलोत सरकार को विकास कार्य सहन नहीं हो रहे हैं। प्रशासनिक परेशानियों पर तंज कसते हुए सांसद ने कहा की दिसंबर के बाद सब ठीक हो जाएगा। सांसद ने गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की सरकार डीएमआईएफटी में भी भेदभाव कर रही जहां जरूरत है वहां विकास नहीं होने दिया जा रहा है। इस अबसर पर जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, महेश प्रताप सिंह, उप जिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, उप प्रधान सुरेश कुमावत, अशोक रांका, नंदलाल सिंघवी, वीरेंद्र पुरोहित, बोथमल जाट, मांगीलाल कुमावत, हिम्मत कुमावत, भीम सिंह, सुमेर सिंह, कैलाश चौधरी, देवेंद्र सिंह राठौड़, संगीता चौहान, मण्डल अध्यक्ष हरदयाल सिंह, मण्डल अध्यक्ष संदीप श्रीमाली, मण्डल अध्यक्ष संपतनाथ चौहान, दिग्विजय सिंह भाटी, नरबदा शंकर, गिरिराज काबरा, प्रमोद सेन, अनिल खटिक, उत्तम खींची, रेल्वे के अधिकारीगण, कांट्रेक्टर शोएब, नमाना, एमडी व नौगामा के ग्रामीणजन और महिलायें मौजूद थी।

# विधान सभा डिजिटल म्यूजियम आमजन नि :शुल्क देख सकेंगे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी की पहल पर राजस्थान विधान सभा के डिजिटल म्यूजियम राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को शुक्रवार 15 सितम्बर से आमजन के लिए खोला जाएगा। आमजन इस म्यूजियम को निःशुल्क देख सकेंगे। म्यूजियम का साप्ताहिक अवकाश शनिवार को रहेगा। लोग म्यूजियम को रविवार को भी देख सकते हैं।

विधान सभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक आमजन म्यूजियम को देख सकेंगे। इच्छुक दर्शकों को अपने पहचान पत्र की छाया प्रति प्रवेश द्वार पर जमा करानी होगी। पहचान पत्र की छाया प्रति पर दर्शकों को अपने मोबाइल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करने होंगे। म्यूजियम को देखने आने वाले लोगों का प्रवेश विधान सभा के द्वार संख्या 7 से होगा। म्यूजियम में एक साथ 50 से अधिक दर्शक नहीं होंगे। दर्शकों को म्यूजियम देखने के नियमों का पालन करना होगा। इस डिजिटल संग्रहालय में राजस्थान के निर्माण और राजनीतिक आख्यानों को कालातित कलात्मकता और आधुनिक तकनीकी संचार के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। संग्रहालय के निर्माण का उद्देश्य राजस्थान के गौरवशाली राजनीतिक इतिहास को प्रदर्शित करने के साथ आम नागरिक को राजनीतिक कार्यवाहियों और व्यवस्थाओं से अवगत भी कराना है।

# सांख्यिकी अधिकारी के 72 पदों पर आवेदन से 15 सितंबर से

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सांख्यिकी विभाग में सांख्यिकी अधिकारी के 72 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक योग्यता, विषयवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर से 14 अक्टूबर 2023 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

**आवेदन प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों को आयोग के पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल के सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा। प्रथम बार वन टाइम रजिस्ट्रेशन करने के लिए अभ्यर्थी के नाम, पिता के नाम, जन्म तिथि, लिंग, सैकण्डरी/समकक्ष परीक्षा एवं आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस आईडी में से किसी एक आईडी प्रूफ के विवरणों का इन्द्राज एवं डॉक्यूमेंट अपलोड करना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में वन टाइम रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है, वे अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल के माध्यम से वन टाइम रजिस्ट्रेशन संख्या के आधार पर ऑनलाइन आवेदन करें। अभ्यर्थी द्वारा वन टाइम रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात ओटीआर प्रोफाइल में स्वयं के नाम, पिता के नाम, जन्म तिथि, लिंग, सैकण्डरी/समकक्ष परीक्षा का विवरण एवं आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आईडी विवरण में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा। अतः वन टाइम रजिस्ट्रेशन करने से पूर्व जनाधार/आधार कार्ड/एसएसओ प्रोफाइल में अंकित विवरण का शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित प्रविष्टियों से सावधानी पूर्वक मिलान सुनिश्चित कर लेवें। इनमें कोई अंतर होने पर आवश्यक संशोधन कराने के बाद के बाद ही वन टाइम रजिस्ट्रेशन व आवेदन फार्म भरने की कार्यवाही करें। एकबारीय परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण-पत्रों से संबंधित एवं अन्य सूचनाओं के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध सामान्य दिशा निर्देश तथा संबंधित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लेवें। किसी भी प्रकार के मार्गनिर्देशन, सूचना तथा स्पष्टीकरण के लिए आयोग के स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष संख्या 0145-2635212, 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है।

### राजस्थान मिशन- 2030

# राजस्व कानूनों का मकड़जाल खत्म हो-अरोड़ा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान मिशन-2030 के तहत राजस्व विभाग की राज्य स्तरीय कार्यशाला हुई। जिसमें सुझाव आए हैं कि राजस्व कानूनों का मकड़जाल खत्म कर उन्हें एक कानून के रूप बदला जाए और राजस्व विभाग की अधिकांश गतिविधियों को ऑनलाइन किया जाए। यह भी मांग आई कि जमीन संबंधित प्रमाणपत्र के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जाए, ताकि किसानों को चक्कर नहीं लगाने पड़ें। इसी तरह चरागाह भूमियों पर अतिक्रमण को लेकर सख्ती दिखाने की मांग भी की गई। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने कहा कि सुझाव विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार के साथ ही नियमों के सरलीकरण पर केंद्रित हैं।

# रक्तदान शिविर में सोमावत का अतिथि के तौर पर सम्मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्व. इन्द्रपाल चौधरी की पुण्यतिथि पर जयपुर के मुरलीपुरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें आमजन ने काफी संख्या में हिस्सा लिया। इस शिविर में 395 यूनिट का संग्रहण किया गया। आयोजित शिविर में नीमकाथाना जिले के छावनी निवासी पवन सोमावत का अतिथि के तौर पर सम्मान किया गया। इस मौके पर जसवंत चौधरी सहित अन्य लौग मौजूद रहें।




ANCHOR | इनोवेशन

# नशे की लत में बर्बाद हो रहे युवा की संस्था दानपात्र ने मदद कर बदली जिंदगी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**इन्दौर।** नशे ने हमारी समाज की जड़ों को इस तरह से पकड़ लिया है की कोई भी इससे बच नहीं पा रहा है।बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक सब इसकी चपेट में आ रहे है, नशा करना आज के युवाओं के लिए दिखावा हो गया है। एक ऐसे ही युवा व्यक्ति दानपात्र टीम को पीथमपुर क्षेत्र में मिले, उनकी उम्र लगभग 30- 35 वर्ष होगी परंतु नशे की वजह से वह अपना जीवन बर्बाद कर चुके थे। वह इंदौर के रहने वाले है परंतु नशे की चपेट में आने की वजह से घर छोड़ कर सड़क किनारे रहने को मजबूर है। टीम के सदस्यों ने उन्हें घर ले जाने के लिए पूछा परंतु अब वह घर भी नहीं जाना चाहते थे। नशे करने की वजह से उनका शरीर भी पूरा सुख चुका था, शरीर पर कई सारे घाव थे जो सड़ने जैसी स्थिति में थे। दानपात्र ने उनको डॉक्टर के पास ले जा कर सबसे पहले उनके घावों को ठीक करवाया। नशे की लत में इतने समय से कुछ खाना नहीं मिलने की वजह से उनकी हालत बोहोत खराब हो चुकी थी।टीम ने उनको भोजन करवाया तथा उनको साफ सुधरा कपड़े पहनाकर उनकी स्थति ठीक की गई। दानपात्र ऐसे कई बेसहारा लोगों की रोज मदद करता है और कई गरीब लोगो के जीवन में बदलाव लाने की कोशिश कर रहा है। समाज को नशे की लत से बचाने के लिए दानपात्र कई नशा मुक्ति अभियान भी चला रहा है जिससे जनता जागरूक हो सके और नशे जैसी गंदी चोजो से बचे।

### "दानपात्र" क्या है कैसे हुई इसकी शुरुआत ?

संस्था "दानपात्र" एक ऑनलाइन नि शुल्क एप के माध्यम से कार्य करती है जिसकी मदद से घरों में उपयोग में न आ रहे सामान जैसे कपड़े, खिलोने, किताबें, जूते, बर्तन इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, फर्नीचर एवं अन्य सामान को कलेक्ट कर उपयोग लायक बना जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया जाता है पिछले 5 वर्षों में दानपात्र के माध्यम से लगभग 35 लाख से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाई जा चुकी है देश भर में कार्य कर रही संस्था "दानपात्र" से 35 हजार से ज्यादा वालंटियर्स जुड़े हुए है जो अपना समय देकर सहयोग करते है संस्था "दानपात्र" द्वारा अलग अलग शहरों में सेंटर बनाएं गए है जहां आकर कोई भी ऐप में रिक्वेस्ट डालकर सामान डोनेट कर सकता है "दानपात्र" टीम द्वारा इस सामान को फिल्टर कर उपयोग लायक बना जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया जाता है "दानपात्र" देने वाले और लेने वालों के बिच सेतु बनकर दोनों की ही मदद कर रहा है संस्था दानपात्र का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड , 3 बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के साथ साथ कई रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा चुका है। संस्था गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद के साथ-साथ निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से बच्चों एवम महिलाओं को शिक्षित कर रही है दानपात्र निःशुल्क पाठशाला देश के कई शहरों में हजारों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर शिक्षित कर रही है जिससे आर्थिक परिस्थितियों के चलते जो बच्चें पढ़ नही पाते है वह दानपात्र निःशुल्क पाठशाला के माध्यम से अपने अधूरे सपनों को पूरा कर रहे है। इंदौर के साथ-साथ देश के 100 से अधिक शहरों में "दानपात्र" के माध्यम से सेवा कार्य कर लोगों की मदद की जा रही है जल्द ही पूरे भारत के साथ साथ अन्य देशों में भी शुरू किया जाने वाला है दानपात्र।

## भाजपा की यात्रा को जबरदस्त समर्थन, मोदी के साथ चलने वाली सरकार बनेगी

# राजस्थान में परिवर्तन होगा-फडणवीस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पाली में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होने मंगलवार को राजस्थान पहुंचे हैं। जोधपुर एयरपोर्ट पर आज सुबह उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस बार जरूर परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा- राजस्थान में चल रही परिवर्तन यात्रा को जिस प्रकार से लोगों का समर्थन मिल रहा है, उससे लग रहा है कि राजस्थान की जनता ने मन बना लिया है कि एक बार लोग मोदी के साथ चलने वाली सरकार चुनकर देंगे। उन्होंने कहा- लोग देश को बदलता हुआ देख रहे हैं। साथ ही राजस्थान में कांग्रेस और गहलोत सरकार के खोखले वादे भी



लोगों के ध्यान में हैं। ऐसे में मुझे पूरा विश्वास है कि राजस्थान में परिवर्तन होगा और जनता मोदी के साथ चलने वाली भाजपा सरकार लाने के लिए तैयार है। बता दें कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस आज पाली में निकलने जा रही परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे। इसके लिए वे महाराष्ट्र से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे सीधे पाली के लिए रवाना हो गए। उनके साथ भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री विजया राहटकर भी थीं।

### 4 सितंबर से चल रही जोधपुर संभाग में परिवर्तन यात्रा

पूरे राजस्थान में भाजपा की ओर से चार अलग-अलग परिवर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं। जोधपुर संभाग की यात्रा 4 सितंबर को रामदेवरा (जैसलमेर) से रवाना हुई थी। यह यात्रा जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, सिरोही होते हुए अब पाली में पहुंची है। 18 दिन तक 51 विधानसभा क्षेत्र को कवर करती हुई इस यात्रा का समापन जोधपुर शहर में होगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री फडणवीस और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री राहटकर का जोधपुर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, महामंत्री मनीष पुरोहित, विजय राजोरिया, वरुण धनाडिया सहित अन्य नेता और पदाधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

### 4 दिन में महाराष्ट्र के सीएम, डिप्टी सीएम का राजस्थान दौरा

चार दिन के अंदर राजस्थान में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का दौरा हो चुका है। 9 सितंबर को महाराष्ट्र के सीएम शिंदे कांग्रेस सरकार से बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढा के बेटे शिवम के जन्मदिन के मौके पर झुंझुनूं के उदयपुरवाटी पहुंचे थे। वहां गुढ़ा ने कांग्रेस छोड़कर शिवसेना शिंदे जॉइन की थी।

# बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड चंदेरिया "शिक्षा भूषण" सम्मान से सम्मानित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की चंदेरिया ईकाई को राज्य स्तरीय 27वें भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान जिसमें गुणवत्तापुर्ण शिक्षण, आधारभूत विकास व सहयोग हेतु राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान शिक्षा भूषण प्रदान किया गया। ये पुरस्कार जो सोमवार को जयपुर के बिरला आडोटेरियम में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला एंव अन्य अतिथि आईएएस सचिव नवीन जैन, सचिव, शिक्षा विभाग निदेशक कानाराम द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चंदेरिया के प्रतिनिधि सहायक उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एंव मैनेजर रंजीत कुमार प्रसाद ने यह सम्मान प्राप्त किया।, युनिट हेड चंदेरिया देवेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में यह पुरस्कार जीता। इस अवसर पर उन्होने पूरी सीएसआर और बीसीएल टीम को बधाई देते हुए कहा कि बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड आस-पास के समुदाय और पूरे समाज के लिए गुणवत्तापुर्ण शिक्षा प्रदान करने में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ एवं संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन किए

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने विधिवत भगवान शंकर की अर्चना करते हुए देश और प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल मिश्र ने संकटमोचक हनुमान मंदिर में भी दर्शन किए।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ 14 को मालपुरा आएंगे

### केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान में मवेशियों से कपड़े बनाने का अवलोकन करेंगे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**टोंक।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ 14 सितंबर को केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर (मालपुरा) के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। वे डिग्गी में बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतकर काफिले के साथ सीधे संस्थान के सेक्टर नंबर 12 पहुचेंगे। कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि वे यहां संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए उन्त नस्ल के भेड़, बकरी और खरगोशों का अवलोकन करेंगे। जहां तीन से चार मेमने पैदा करने वाली अविशान भेड़ को भी प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने बताया कि उपराष्ट्रपति धनखड़ गुरुवार सुबह 9:10 बजे आएंगे। वे संस्थान के कपड़ा निर्माण प्लांट पर भेड़ की ऊन की प्रोसेसिंग, ऊन से बनाए जाने वाले कपड़ों की प्रक्रिया देखेंगे। उपराष्ट्रपति प्रगतिशील महिलाओं के दल, प्रगतिशील किसानों के दल व संस्थान के वैज्ञानिकों से भी चर्चा करेंगे। टेक्नोलोजी पार्क में बरगद का पौधा लगाएंगे।

## यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ होम्योपैथी, में ओरिएंटेशन वेबीनार का हुआ आयोजन

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के साथ राष्ट्रीय सहयोग की पहल के तहत यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ होम्योपैथी, में मंगलवार को ओरिएंटेशन वेबीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में "अनुसंधान और चिकित्सा शिक्षा को जोड़ने" के विषय पर चर्चा की गई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार मीणा ने बताया कि केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद और यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ होम्योपैथी, केकड़ी के मध्य हुए समझौते (एम ओ यु) के तहत इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे तथा क्षेत्र में होम्योपैथी चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। जिससे स्थानीय जनता को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता रहेगा। आयोजन में केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। डॉ. सुनील रामटेक, अतिरिक्त महानिदेशक ने परिषद के कार्यों का विवरण दिया। डॉ. देवदत्ता नायक ने चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को एक मंच पर लाने पर जोर दिया। डॉ. अनुप्रिया ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# शौर्य जागरण रथयात्रा की तैयारियां को लेकर पोस्टर का हुआ विमोचन



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण रथयात्रा की तैयारियां को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक विहिप जिला जोधपुर प्रभारी घनश्याम ओझा के मार्गदर्शन में आदर्श विद्या मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक में ओझा द्वारा रथ यात्रा के दौरान स्वागत, कार्यक्रम रूपरेखा ,रूट प्रमुख, भोजन, व रात्रि विश्राम, सुरक्षा प्रमुख दायित्व की घोषणा पांचो प्रखंड बिलाड़ा, पीपाड़ सिटी, बोरुदा, भोपालगढ़, बावड़ी व जिला स्तरीय यात्रा प्रवास में सेवा कार्य के लिए नाम लिखे गए। पीपाड़ प्रखंड के मंत्री मोहनलाल सोनी ने कहा बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा जिले में 21 सितंबर सुबह बिलाड़ा से बोरुंदा, 22 पीपाड़ को, 23 तारीख भोपालगढ़, 24 तारीख बावड़ी होते हुए जोधपुर पहुंचेगी। जिला अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि शौर्य रथ यात्रा से हर गांव इकाई में संगठन की जानकारी व सेवा कार्य को बताकर गांव-गांव ढाणी ढाणी खंड गांव ईकाई समितियां तैयार करना। पीपाड़ प्रखंड के बजरंग दल सयोजक दिनेश माली ने पीपाड़ शहर में होने वाले आयोजन के लिए समिति का गठन कर सभी शहर वासियों को जिम्मेदारी सौंपी।

पीपाड़ प्रखंड की इस बैठक में जिला अध्यक्ष घनश्याम ओझा,जिला उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश टाक, विहिप पीपाड़ प्रखंड अध्यक्ष भगवान राम परिहार, संघ के नगर प्रभारी बुधराज मेहता, प्रखंड के उपाध्यक्ष प्रकाश सुथार, संघ के नगर कार्यवाहक, प्रीतम सोनी, श्री राम ग्रुप के सुरेंद्र टाक, दिनेश सुथार, विष्णु विश्नोई, मनीष जांगिड़, शिशुपाल सिंह, आदर्श विद्या मंदिर के प्राचार्य रामपाल जोशी, पतंजलि चिकित्सालय के नरपत राज पटेल, अजीत सिंह, मोहनलाल सोनी, महेंद्र ओझा, नामदेव नवयुक मंडल के हनुमान छिपा दर्जी, दशरथ, छिपा दर्जी, विजय सोनी, पार्षद धर्मेंद्र सोनी, संजय परिहार, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## मीडियाकर्मियों के साथ निर्वाचन विभाग की कार्यशाला

# जिला और राज्य स्तर पर मीडिया सर्टीफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी का होगा गठन-गुप्ता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव-2023 के मद्देनजर मीडियाकर्मियों को निर्वाचन संबंधी विषयों से अवगत कराने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से मंगलवार को HCM RIPA जयपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मीडियकार्मियों से निर्वाचन विभाग के विभिन्न नवाचारों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि पेड और फेक न्यूज पर नियंत्रण के लिए सभी जिलों और राज्य स्तर पर मीडिया सर्टीफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन होगा।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि एमसीएमसी और पैड न्यूज के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रोटोकोल तय कर रखा है। विज्ञापनों के लिए प्री सर्टिफिकेशन अनिवार्य है। उन्होंने मीडियाकर्मियों को एमसीएमसी, पैड न्यूज, फेक न्यूज, निर्वाचक सूची तथा होम वोटिंग के साथ ही आईटी एप्स जैसे सुविधा एप, सी-विजिल एप, केवाईसी एप, वोटर हैल्प लाइन एप, सक्षम एप, आदर्श आचार संहिता, स्वीप और शिकायत निवारण पोर्टल से संबंधित विभिन्न नवाचारों के बारे में नवीनतम जानकारी होनी चाहिए।

गुप्ता ने कहा कि इस बार 50 फीसदी से ज्यादा मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग होनी है। मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मतदाता सूची में संशोधन आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, साथ ही निर्वाचन से संबंधित जानकारियां एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जा रही है। उन्होंने ई-ईपिक डाउनलोड करने की जानकारी भी दी तथा वोटर हेल्पलाइन एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

गुप्ता ने कहा कि चुनाव से पहले बहुत से लोग ये जानना चाहते हैं कि उनका नाम वोटर लिस्ट में है या नहीं। ऐसे में बार कोड, क्यू आर कोड, नाम या पिता का नाम तथा वोटर क्रमांक के जरिए हम वोटर लिस्ट में नाम पता कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने के लिए नामांकन के अंतिम दिन से 10 दिवस पूर्व तक आवेदन किया जा सकता है।

गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता और व्यय अनुवीक्षण को लेकर सी-विजिल एप पर ऑनलाइन शिकायत वीडियो, ऑडियो या फोटो के जरिए की जा सकती है। वहीं केवाईसी एप के जरिए उम्मीदवार की समस्त जानकारी जिसमें मुख्यतः आपराधिक पृष्ठभूमि ऑनलाइन ली जा सकती है। सुविधा एप के जरिए उम्मीदवार रैली, सभा, वाहन आदि की अनुमति ले सकता है।

कार्यशाला में विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मीडियाकर्मियों ने चुनाव कवरेज करने वाले पत्रकारों को आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में शामिल करने का अनुरोध किया जिसे मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान में लिया। इस दौरान निर्वाचन विभाग की ओर से विभिन्न प्रभारी अधिकारियों ने अलग-अलग विषयों पर प्रजेंटेशन दिए, जिसे लेकर मीडियाकर्मियों ने काफी उत्सुकता दिखायी।

## जयपुर के पूर्व राजपरिवार की पद्मिनी देवी हॉस्पिटल में भर्ती

### बाथरूम में गिरने से कंधे में हुआ फैक्चर, इमरजेंसी में करवाया भर्ती

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर राजघराने की पूर्व राजमाता पद्मिनी देवी को मंगलवार देर शाम जवाहर सर्किल स्थित



ईएचसीसी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। वे शाम को सिटी पैलेस में अपने निवास पर बाथरूम में गिर गई थीं। इससे उनके कंधे पर चोट लगी है। चोट लगने के बाद परिजन उन्हें हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उनका इलाज सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन और जनरल मेडिसिन के डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। ईएचसीसी के सीनियर ऑर्थोपेडिक डॉ. राजीव भार्गव की माने तो गिरने से उनके कंधे में चोट लगी है। एक्स-रे करवाने पर उसमें फ्रेक्चर डिटेक्ट हुआ है। डॉक्टर ने बताया- अभी कुछ और जांच करवाई जा रही हैं। उनकी रिपोट्स आने के बाद आगे का ट्रीटमेंट शुरू किया जाएगा। डॉ. राजीव ने बताया- राजमाता पद्मिनी देवी के कोहनी के ऊपर कंधे तक जाने वाली हड्डी फ्यूमरस बोन में कंधे के पास से फ्रेक्चर आया है। इसकी गुरुवार को सर्जरी प्लान को गई है। उनकी सभी आवश्यक जांच की गई है। जो बिल्कुल ठीक है।

### दिल की बीमारी का पहले से चल रहा इलाज

**राजमाता** का पहले से दिल की बीमारी का भी इलाज चल रहा है। इसे देखते हुए मौके पर सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संजीव के. शर्मा की टीम भी वहां पहुंची है। उनकी ईसीजी समेत अन्य जांचे करवाई है। आपको बता दें कि पूर्व राजमाता पद्मिनी देवी पूर्व राजपरिवार सदस्य स्व. भवानी सिंह की पत्नी है। उनकी पुत्री दिया कुमारी राजसमंद लोकसभा से सांसद है।



# प्रदेश सरकार ने वादे पूरे नहीं किए, जनता चाहती है परिवर्तन-सिंह

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**दौसा।** केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने सोमवार को दौसा में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पांच साल पूर्व जो वादे किए थे वे पूरे नहीं किए हैं, ऐसे में जनता अब परिवर्तन चाहती है। राजस्थान में बेरोजगारी के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। 17 से भी ज्यादा बार पेपर लीक की घटनाएं हुई है, जबकि केन्द्र सरकार ने स्वरोजगार के रास्ते खोले हैं। स्टार्टअप शुरू करने में विश्व में भारत नंबर एक पर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान एक खुशहाल प्रदेश था, लेकिन बीते 5 वर्षों में राजस्थान में महिला अत्याचार हो रहे हैं। निर्वस्त्र कर महिलाओं को घुमाया जाता है तथा लूट, बलात्कार व डकैती की घटनाएं हो रही है। इसके लिए वर्तमान सरकार दोषी है, जबकि उत्तर प्रदेश में स्थिति बदल गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सर्वस्पर्शी होगी, जो हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी।

### राहुल-प्रियंका पर साधा निशाना

**वीके** सिंह ने प्रियंका गांधी की टोंक जिले में हुई सभा में जी-20 को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि प्रियंका गांधी में बचपना ज्यादा है और मैच्योरिटी कम है। देश के प्रति अच्छा भाव नहीं रखने वाले लोगों के प्रति जनता भी अच्छा भाव नहीं रखेगी। जो इतने भव्य आयोजन पर गर्व महसूस नहीं कर सके उनके बारे में बोलना ठीक नहीं है। इसी तरह वीके सिंह ने कहा कि राहुल गांधी भारत में टीशर्ट-पैंट पहनते हैं और विदेश जाकर कुर्ता-पायजामा पहन रहे हैं। वे कभी जनेऊधारी बनते हैं, कभी मंदिर में घंटी बजाते हैं कभी मानसरोवर जाते हैं, सब तरह के नखरे कर लिए हैं। जिनको धर्म के बारे में कुछ पता नहीं हो, उनके बारे में कुछ बोला नहीं जा सकता।

### जी-20 में कूटनीतिक जीत

**केन्द्रीय** राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि जी-20 में घोषणा पत्र पर 100 प्रतिशत सहमति हासिल करना भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। बायोफ्यूल एलायंस व यूरोप तक कॉरिडोर पर सहमति से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत की तरह जी-20 की बैठक पहले ना कभी हुई है और ना कोई देश कर सकता है। विश्व के ताकतवर देश भारत की प्रशंसा कर रहे हैं। यह भारत के तीसरे नंबर की विश्व शक्ति बनने का स्वरूप है। अमृतकाल में भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा।

ANCHOR | खेलकूद

# खेलों का आयोजन सहशैक्षिक गतिविधियों में मील का पत्थर-नायक

## जिला स्तरीय (17/19 आयु वर्ग छात्रा) फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का सफल समापन

### 17 व 19 आयु के दोनों वर्गों में की फुटबॉल प्रतियोगिता में खारिया आनवास बना जिला चैंपीयन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** विद्यालय में आयोजित होने वाले सहशैक्षणिक गतिविधियों में खेलों का आयोजन विद्यार्थी के जीवन में मील का पत्थर साबित होता है, खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक दोनों ही रूप में विद्यार्थी विकास करता है। यह विचार ग्राम पंचायत खारिया अनवास के सरपंच प्रतिनिधि सोहन राम नायक ने 17 व 19 आयु वर्ग के जिला स्तरीय छात्र फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रकट किए। मुख्य अतिथि पंचायत सिमिति सदस्या राम कन्या सेंगवा ने कहा कि छात्रों के साथ-साथ छात्राओं के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बेटियों को आगे बढ़ाने के सुअवसर उपलब्ध करवाती है अतः गांव की बालिकाओं के लिए यह एक अभिनव पहल है। कार्यक्रम के संयोजक रुपाराम खोजा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का जिम्मा



इस बार विभाग ने खारिया आनवास विद्यालय को दिया जिसे सभी भामाशाहों और ग्राम वासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। राष्ट्रीय शिक्षक संघ के प्रदेश उपसभा अध्यक्ष रुपाराम रलिया ने कहा कि विभाग द्वारा यह प्रतियोगिताएं आयोजित होती है लेकिन इन प्रतियोगिताओं की सफलता भामाशाह और ग्रामवासियों के सहयोग पर निर्भर करती है, आपने सफलतापूर्वक इस प्रतियोगिता को संपन्न करवाया इसलिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। शारीरिक शिक्षक पाबूराम विश्नोई ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 13 दलों ने भाग लिया जिसमें 17 व 19 आयु वर्ग में खारिया आनवास विद्यालय चैंपियन रहा ,जबकि 17 वर्ष में बींजवाड़िया और 19 वर्ष में हरियाड़ा की टीम उपविजेता रही। समाज सेवी और भामाशाह मुल्तान राम सेंगवा ने कहा कि विभाग द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करना हमारा कर्तव्य है अतः ग्राम वासियों की ओर से सभी प्रकार का सहयोग सहर्ष मुहैया करवाया जाएगा, जो भी भौतिक सुविधाएं खिलाड़ियों को चाहिए हम सब मिलकर उपलब्ध करवाते रहेगे।

प्रतियोगिता के समापन की घोषणा सहसंयोजक व प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह राठौड़ ने की, कार्यक्रम का संचालन कवि शिक्षक श्रवण दान शून्य ने किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारी संजीव व्यास जिलामंत्री, सताराम सोलंकी जिला उपसभाध्यक्ष, रामप्रकाश मुण्डेल उपशाखा अध्यक्ष, भैराराम दुकतावा जिला उपाध्यक्ष, भरतसिंह सह संगठन मंत्री, निम्बाराम डूडी, शा.शि.विवेक मिश्रा, नवीन भाटी, जगदीश सोनेल, मंजू प्रजापत, राजाराम, दौलाराम चौधरी,श्रवण हरियाड़ा, श्री कंवर उचियाडा, नारायण राम, उपप्रधानाचार्य साथिन, सरपंच प्रतिनिधि लादूराम नायक, एसएमसी अध्यक्ष पेमाराम गांधी, पूर्व सरपंच रामसिंह खारिया, पूर्व उपसरपंच खियाराम के साथ सभी स्टाफ साथी और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।